हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 05.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 222 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

**एक नजर**

## नहर में कार गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**बुलंदशहर :** थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक कार नहर (रजवाहे) में गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के नंगला नसीर निवासी निपेंद्र अपनी पत्नी कौशल, कन्हैया, पवन की पुत्री वंशिका और हर्ष कार से सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मंगलवार सुबह तड़के सभी लोग घर लौट रहे थे, तभी गुलावठी क्षेत्र में पितुबास नहर के मोड़ पर अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार सवार सभी लोग नहर के पानी में डूब गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन गहरी नहर होने के कारणसफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कन्हैया और वंशिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान निपेंद्र और हर्ष ने भी दम तोड़ दिया।

# किसी को मियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय 'पाकिस्तानी' कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे।

'मियां-टियां' या 'पाकिस्तानी' कहना भले सुनने में ठीक नहीं लगता हो, लेकिन ऐसे मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते



हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय 'पाकिस्तानी' कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे।

अदालत ने 11 फरवरी को दिए अपने फैसले में कहा, निस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं। लेकिन, इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती। इसलिए, हमारा मानना है कि अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 298 के तहत आरोपमुक्त किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता, जो एक उर्दू अनुवादक और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत कार्यवाहक क्लर्क है, ने अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के बाद आरोपी सिंह को व्यक्तिगत रूप से कुछ जानकारी दी थी। सिंह ने शुरू में दस्तावेज स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, लेकिन अंततः उन्होंने दस्तावेज स्वीकार कर लिए, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने शिकायतकर्ता के धर्म का हवाला देते हुए उसे अपशब्द कहे। यह भी आरोप लगाया गया कि सिंह ने शिकायतकर्ता को डराने और लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप सिंह के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें धारा 298, 504, 506, 353 और 323 शामिल हैं।

मजिस्ट्रेट ने मामले की समीक्षा करते हुए धारा 353, 298 और 504 के तहत आरोप तय किए, जबकि साक्ष्य के अभाव में धारा 323 और 506 के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। सिंह की आरोपमुक्ति की याचिका को पहले सत्र न्यायालय और बाद में राजस्थान उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 353 के तहत आरोप को कायम रखने के लिए हमले या बल प्रयोग का कोई सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस प्रावधान के तहत आरोपी को आरोपमुक्त न करके गलती की है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 504 भी लागू नहीं होती, क्योंकि सिंह की ओर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया, जिससे शांति भंग हो सकती हो। धारा 298 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सिंह की टिप्पणी अनुचित थी, लेकिन आईपीसी के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए कानूनी तौर पर पर्याप्त नहीं थी। नतीजतन, सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

## डीपीआर बन रही थी, तब एनएचएआई और रेलवे से लेना चाहिए था एनओसी : स्पीकर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधान सभा में धनबाद में पिछले पांच-साल पहले शुरू हुईं पेयजल योजनाओं के पूरा नहीं होने का मुद्दा सदन में गूंजा। इस पर सरकार ने एनओसी नहीं होने के चलते देरी की बात कही तो विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर) राजेन्द्र नाथ महतो को इसमें दखल देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब डीपीआर बन रही थी, तभी रेलवे और एनएचआई से एनओसी लेना चाहिए था।

विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भाजपा विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में पेयजल आपूर्ति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद में शुद्ध पेयजल के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं। जो पिछले पांच-छह साल पहले ही शुरू हुई थीं, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इन योजनाओं में कहीं विभागों से एनओसी प्राप्त न हो पाना, पाइप लाइन बिछाने के कार्य धीमा होना और विभागीय शिथिलता व संवेदकों की मिलीभगत से बार-बार योजनाओं के रि-एस्टीमेट के कारण सिर्फ 60 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं। राज सिन्हा ने यह भी पूछा कि पांच साल तक बगैर एनओसी के योजना कैसे शुरू हो गयी। इस योजना के पूरा होने में और कितने साल लगेंगे।

इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने जवाब देते हुए बताया कि पेयजल योजनाओं को फेज-वन एनओसी मिलने के बाद एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। फेज-टू एनओसी मिलने के बाद 15 महीने में पूरा होगा। वहीं झामडा की योजना तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधायक रागिनी सिंह ने भी कहा कि झरिया में पानी की समस्या है। नगर आयुक्त का भी रवैया ठीक नहीं है। मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि एनएचएआइ और रेलवे से एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। पत्राचार पर पत्राचार हो रहा है, लेकिन केंद्र नहीं सुन रहा है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नवचयनित
49 प्रशिक्षण अधिकारियों
का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग
श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

दिनांक : 05 मार्च, 2025 | समय : 1 बजे अपराह्न
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची



PR- 347805 (Labour Employment and Traning) 24-25
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु 182 अभ्यर्थी हुए चयनित

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के अध्यक्षता में मंगलवार को चौकीदारी नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। हजारीबाग जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कुल 182 अभ्यर्थियों का चयन चौकीदार के पद पर किया गया। उपायुक्त के निदेशानुसार चयनित अभ्यर्थी दिनांक 7 मार्च 2025 को सुबह 11:00 तक स्थानीय टाउन हॉल, हजारीबाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को स्थानीय टाउन हॉल हजारीबाग में नियुक्ति पत्र प्रदान की जाएगी। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे सदर एसडीओ लोकेश बारंगे, डीएसपी अमित कुमार, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सामान्य शाखा प्रभारी शमां उस्मानी, डीपीआरओ रोहित कुमार उपस्थित रहे।

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरही :** बरही पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोप में फरार चल रहे आरोपी सचिन कुमार उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पीड़िता की मां द्वारा 27 दिसंबर 2024 को बरही थाना कांड संख्या 504/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि सचिन कुमार पिता स्व. कैलाश भुइयां, ग्राम तिलोकरी, थाना जयनगर, जिला कोडरमा ने उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया था। 4 मार्च 2025 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### रेंज कार्यालय में वन भूमि अतिक्रमण को लेकर शिविर का हुआ आयोजन



**चौपारण :** वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार मंगलवार को शिविर रेंज कार्यालय चौपारण में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न चौपारण के जंगलों से आए हुए लोगों ने अपनी राय व्यक्त की। शिविर में भदान, सोहरा, ब्रजा दास, चौपारण, काली दाग, बेहरातरी आदि क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान वन विभाग द्वारा वन भूमि को खाली करने का आग्रह किया गया, लेकिन उपस्थित लोगों ने इस पर सहमति नहीं जताई। इसके विपरीत, उन्होंने विभाग से रियायत की मांग करते हुए जंगलों में बसे रहने की अनुमति दिलाने का आग्रह किया। वन विभाग के वनपाल पंकज कुमार ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण के मामलों में किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

### कुलपति ने की संकाय अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

**हजारीबाग :** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू चार वर्षी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के पांचवें समस्त्र मे प्रोजेक्ट या डिसर्टेशन के विषय पर चर्चा के लिए आज कुलपति ने संकायअध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। उक्त बैठक में एक समिति बनाई गई जो इस पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगा। उक्त समिति में नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार, विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ एच एन सिन्हा, मानवीकी के संकायअध्यक्ष प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिंह एवं वाणिज्य के संकायअध्यक्ष डॉ सुनील कुमार अग्रवाल के साथ डॉ सुकल्याण मोइत्रा एवं वनस्पति विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार को शामिल किया गया।

# झारखंड के 35,000 वकीलों को बुनियादी सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा मिले : प्रदीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान राज्यभर के वकीलों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 36 बार एसोसिएशन कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 35,000 से अधिक वकील न्यायिक प्रक्रिया में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन वकीलों का योगदान प्रशासनिक व न्यायिक तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में अतुलनीय है, लेकिन इनके कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के अधिकांश बार एसोसिएशन परिसरों में आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वकीलों को अपने कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि कई बार एसोसिएशन परिसरों में पेयजल, शौचालय, वाई-फाई, पुस्तकालय, वातानुकूलित सुविधाएं बैठने की उचित व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। इसके अलावा, कई बार एसोसिएशनों में वकीलों के लिए चैंबर तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह भी मांग की वकीलों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को राज्य में शीघ्र लागू किया जाए ताकि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार से माँग की झारखंड के वकीलों को भी जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि वकील पूरे जीवन जनता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उनके स्वयं के हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य के सभी बार एसोसिएशन परिसरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए और इसके लिए एक निश्चित बजट आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक वे न्यायिक प्रक्रिया में प्रभावी योगदान नहीं दे पाएँगे। उन्होंने सरकार से माँग की बार एसोसिएशनों के विकास के लिए एक विशेष अनुदान योजना बनाई जाए, जिससे वकीलों को आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। प्रदीप प्रसाद ने सरकार से अपील की वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेती है तो इससे राज्य के 35,000 से अधिक वकीलों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी।

## एसीबी के हत्थे चढ़ा कंप्यूटर ऑपरेटर जजमेंट कराने के नाम पर ले रहा था घुस



प्रत्यूष नवबिहार बड़कागांव

**हजारीबाग :** चतरा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी हजारीबाग की टीम नें कार्रवाई की हैं। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी के गोपनीय कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी को दस हजार रुपए घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया हैं। एसीबी एसपी आरिफ इकराम के निर्देश पर सिमरिया पहुंची टीम ने सिमरिया एसडीओ सह डीसीएलआर के कार्यालय परिसर से ही कंप्यूटर ऑपरेटर को पकड़ा है। कंप्यूटर ऑपरेटर की गिरफ्तारी सिमरिया के शिला ओपी क्षेत्र अंतर्गत इचाक नावाटांड गांव निवासी अनिल कुमार की शिकायत पर हुई हैं। ऑपरेटर आफताब नें अनिल से भूमि मापी से सम्बंधित भू-अर्जन कार्यालय सिमरिया में लंबित वाद का जजमेंट उनके पक्ष में लिखवाने के नाम पर 60 हजार रुपया बतौर घुस मांगा था। जिसका पहले किस्त के तौर पर उससे 10 हजार रुपए मांगी गई थी। इसी दौरान आफताब को एसीबी की टीम नें रंगे हाथ गिरफ्तार कर टीम अपने साथ हजारीबाग ले आई। इस बाबत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिला पुलिस पिकेट अंतर्गत ईचाक, नावाटांड निवासी आवेदक अनिल कुमार नें आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया था कि इनके द्वारा सिमरिया थाना अंतर्गत खाता 22 प्लौट 1166, रकबा 88 डिसमिल मधे रकबा 31.5 डिसमिल जमीन की मापी को लेकर भूमि सुधार उप-समाहर्ता, सिमरिया के न्यायालय में अपील दायर किया था। जिसका वाद संख्या 21/23-24 है। इनके वाद में दोनो पक्षों का ब्यान दर्ज हो चुका है।

## उपायुक्त का लगा जनता दरबार, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने एलपीसी निर्गत, भूमि विवाद, पीडीएस दुकान, दाखिल खारिज, अनुकम्पा पर नौकरी, दिव्यांग लाभ, जबरन गुमटी हटाने आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।

**गाली-गलौज एवं धमकी से राहत दिलाने की मांग**

बरही धाबी टोला के सिकन्दर साव ने कुछ लोगों के द्वारा जबरन गुमटी हटाने गाली-गलौज एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन देकर राहत की मांग की जिसपर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करते हुए जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं दारू प्रखण्ड की जरीना खातुन ने एलपीसी निर्गत करने, चेतलाल यादव विष्णुगढ़ ने भूमि अतिक्रमण, मार्खम कॉलेज हनुमान नगर के सीता राम गुप्ता ने पीडीएस दुकान पुत्र के नाम करने, नेहा कुमारी ने अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, चौपारण के कैलाश प्रसाद दाखिल खारिज, सरैया पदमा की रिंकी देवी ने कस्तुरबा गांधी स्कूल पदमा में रसाईया के पद में योगदान देने, परसी ईचाक के सुनिल बैध ने बंदोबस्त कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने इत्यादि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

## कांग्रेस प्रखंड कमेटी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** कांग्रेस प्रखंड कमिटी बरही की एक महत्वपूर्ण बैठक बरही में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की। बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, तोखन रविदास मौजूद रहे। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

**तीन मंडल अध्यक्षों को सौंपा गया मनोनयन पत्र**

बैठक के दौरान कांग्रेस संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए तीन मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। बरही पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष के रूप में बबलू साहू पिता दिलचंद साहू, बरही मध्य मंडल के अध्यक्ष के रूप में दुलमाहा निवासी जितेंद्र गिरी पिता शमालि गिरी और बरही पूर्वी मंडल के अध्यक्ष के रूप में बरसोत निवासी विष्णुधारी महतो पिता चमारी महतो को मनोनीत किया गया। नए मंडल अध्यक्षों को संगठन में जिम्मेदारी सौंपने के उपलक्ष्य में उनका अभिनंदन किया गया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनसे संगठन को और मजबूत करने की अपेक्षा जताई। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, तोखन रविदास ने सभी नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को मिलकर कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाना होगा।

## नौ दिवसीय श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही में आयोजित 15वें नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह बरही महोत्सव की भव्य शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। इस अवसर पर पूरे बरही नगर को आकर्षक लाइटिंग और साज-सज्जा से सजाया गया। महोत्सव में मीना बाजार और झूले लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस यात्रा में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, संरक्षक सुरेंद्र रजक, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, युवा भाजपा नेता आकाश जायसवाल, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। महायज्ञ के जजमान के रूप में शिवशंकर कसेरा, संतोष केशरी, शिव कुमार केशरी, शंकर केशरी और विशेश्वर साव उपस्थित रहे। वहीं, यज्ञ के मुख्य आचार्य के रूप में जयनंदन मिश्रा ने विधिवत रूप से अनुष्ठान प्रारंभ करवाया। कलश यात्रा के सफल आयोजन में कई समाजसेवियों और संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें संतोष चौरसिया, भुनेश्वर साव, राजकुमार यादव, बिपिन कुमार सिन्हा, बलराम केसरी, ब्रज किशोर ठाकुर, नवल किशोर सिंह, शिवा निषाद, भगवान केसरी, संतोष निषाद, ब्रह्मदेव यादव, सिकेंद यादव, अशोक यादव, मनोज उपाध्याय, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, प्रमोद कुमार, रमेश श्रीवास्तव, अमित सोनी, वीरेंद्र राम राज, हतेश राज, अभिषेक निषाद, संजीव घोष, रौनक जायसवाल और प्रमोद सिंह समेत कई अन्य लोग सक्रिय रहे।

# लोवादाग पंचायत भवन में डालसा के द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली झालसा के निर्देश अनुसार न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सिल्ली प्रखंड के लोवादाग पंचायत भवन में 90 डेज जागरूकता कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार माहतो, बंशीधर महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार माहतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार माहतो, राजकुमार माहतो एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। वही राजेश कुमार सिन्हा ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया और मोटरवैहिकल एक्ट, बाल विवाह कानून एवं दहेज प्रथा कानून के बारे में फोकस किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। नशा से घर और परिवार दोनों नष्ट होता है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन वादकारियों के वादों को अधिवक्ताओं व मध्यस्थों के द्वारा निःशुल्क निस्तारण किया जाता है। पीएलवी शंकर महतो ने वृद्ध पेंशन, ब्रजेश कुमार ने विधवा पेंशन, बंशीधर महतो ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बंशीधर घटवार ने मईंया सम्मान योजना, सुनील कुमार महतो ने जॉब कार्ड, बबलू कुमार महतो ने प्री-लिटिगेशन वाद, पंकज कुमार माहतो ने कन्या भ्रूण हत्या एवं राजकुमार माहतो ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। यह भी ज्ञात हो कि एलएडीसी डिपुटी चीफ ने कन्या भ्रूण हत्या तथा इससे संबंधित कानून के बारे में भी अपने विचार रखें। इसके अलावा उन्होंने ने बाल विवाह कानून-2006, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार, नालसा, झालसा और डालसा क्या है इस पर चर्चा किया लोक अदालत 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के अधिवक्ता के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारी शुरू



**चैनपुर :** चैनपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए मंगलवार को पुस्तकालय भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने की। उन्होंने बताया कि आदिवासी एकता मंच के तत्वाधान में 13 मार्च को 12वीं मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुमंडल की सभी महिलाओं को आमंत्रित किया गया है, साथ ही सभी गैर सरकारी एनजीओ, स्वयं सहायता समूह सखी मंडल को भी आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि पशुपालन मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की होंगी। उन्होंने भारी संख्या में महिलाओं को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर चैनपुर मुखिया शोभा देवी, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, केडेग पारिस की सिस्टर डेजी, अर्चना देवी, मंजू देवी, अल्बर्ट तिग्गा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने विधानसभा में उठाया शहर की जलापूर्ति का मुद्दा



**गुमला :** विधायक भूषण तेजस्वी ने विधानसभा में गुमला शहर की जलापूर्ति की समस्या को उठाया है। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन पेयजल विभाग और नगर परिषद के बीच तालमेल नहीं होने के कारण शहरी जलापूर्ति योजना अभी भी अधर में लटकी हुई है। इस समस्या के कारण शहर की आधी आबादी को पेयजल की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक भूषण तिर्की ने सरकार से मांग की है कि गर्मी आने से पहले गुमला शहर की जलापूर्ति योजना को अविलंब शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शहर के लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान करेगी और उनके जीवन को सुधारने में मदद करेगी।

### स्कूटी एवं बाइक की सीधी टक्कर में चार युवक घायल



**सिल्ली :** मुरी ओपी अंतर्गत भिखारी चौक समीप स्कूटी एवं होंडा बाइक की सीधी टक्कर में चार युवक घायल हो गये । घायलों को स्थानीय लोगों के मदद से उनलोगों का सिंगपुर नर्सिंग होम में इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक लोसेरा निवासी युदीत कुमार महतो उम्र 16 , प्रताप महतो उम्र 17, प्रताप कुमार मांझी उम्र 18 वनवाडीह निवासी , भानु महतो उम्र 18 लोवादाग आदि घायल युवक हैं। बताते चले की मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा आरटीसी स्कूल सिंगपुर में सेंटर पड़ा था और परीक्षा देकर छात्र एक स्कूटी पर तीन युवक सवार होकर अपने घर सिल्ली जा रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही सिल्ली से होंडा बाइक से सीधी टक्कर हो गई जिससे चारों युवक घायल हो गए स्थानीय लोगों के मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां उनका बेहतर उपचार डॉक्टर रमणेश प्रसाद के द्वारा किया जा रहा है।

### नौ दिवसीय रामचरितमानस पाठ हेतु निकली कलश यात्रा, सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल



**बरही :** बरही प्रखंड के केवाल गांव में नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। कलश यात्रा के दौरान विधिवत पूजन एवं जलभराई संपन्न हुआ। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए पूरे गांव से होकर गुजरे। यह धार्मिक आयोजन पूरे नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन रामचरितमानस पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास आंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान एवं मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव उपस्थित थे। कलश यात्रा और पूरे आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें बिनोद कुमार सिंह, शम्भूनाथ सिंह, रामनारायण सिंह, गौतम सिंह, सन्नी सिंह, श्रवण सिंह, उदय सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, कुणाल सिंह, अमित सिंह, टिंकू सिंह, सुभाष सिंह, सुधीर सिंह, राजउदय सिंह, भूषण प्रताप सिंह, सौरभ सिंह उर्फ अमित कुमार सिंह, कुणाल प्रताप सिंह, सनी सिंह, मनजीत कुमार सिंह, यशवंत सिंह, सरवन सिंह, सौदागर सिंह, कुणाल सिंह आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया प्रशासनिक भवन निरीक्षण



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने आज पूर्वाहन को प्रशासनिक भवन में अवस्थित विभिन्न विभागों एवं अनुभागो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ जगह पर कर्मचारी को अनुपस्थित पाया। अनुपस्थित कर्मचारियों के छुट्टी संबंधी आवेदन कि उन्होंने खबर ली। कुलपति ने इस पर संज्ञान लेते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ऐसे लोगों को हिदायत दी कि भविष्य में वह यदि समय का पालन नहीं करेंगे तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर जगहों पर लोग कार्य करते हुए पाए गए। कुलपति ने ऐसे कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। बाद में कुलपति ने एक पत्र जारी करते हुए सभी को समय का पालन करने हेतु सख्त निर्देश दिया। कुलपति ने कहा कि निरीक्षण का दौर जारी रहेगा एवं अन्य भावनाओं एवं विभागों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड में दो-तीन डिग्री और गिरेगा तापमान

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में अगले दो से तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट होगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने मंगलवार को दी है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दिन में राज्य भर में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हुई है। इसलिए अभी इसमें अभी और कमी होगी। डॉ आनंद ने बताया कि यह गिरावट उत्तर-पश्चिम दिशा में हुई बर्फबारी के चलते आनेवाली ठंडी हवाओं के कारण हो रही है। उन्होंने बताया कि तापमान में गिरावट सात-आठ मार्च तक रूकेगी। इसके बाद तापमान में वृद्धि होगी।

### जैन महिला जागृति का होली मिलन समारोह कल

**रांची :** जैन महिला जागृति की ओर से छह मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी रोमा जैन मंगलवार को बताया कि कांटाटोली लालपुर स्थित ओएमजी टिंबर कैंपस में होली की ठिठौली नामक कार्यक्रम होगा। इसमें संस्था की सभी महिलाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम में होली से संबंधित खेल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही व्यंजन की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में ड्रेस कोड सफेद या गुलाबी रखा गया है।

### तत्कालीन सदर सीओ मुंशी राम को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रिश्वत मामले में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को जमानत दे दी है। दाखिल जमानत याचिका पर याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बहस की। सुनवाई के बाद जस्टिस आर. मुखोपाध्याय की अदालत ने मुंशी राम को जमानत की सुविधा प्रदान की। बहस के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि मामले में जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। जेल से बाहर रहकर भी ट्रायल का सामना कर सकते हैं। आरोप है कि सीओ मुंशी राम ने जमीन का सीमांकन करने के लिए प्रभात कुमार सिंह से 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। उन्हें 37 हजार रुपये रिश्वत लेते ही एसीबी की टीम ने दो जनवरी 2025 को रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। आरोपित के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में प्राथमिक जांच दर्ज करने की अनुशंसा की मांग राज्य सरकार से की गई है। उल्लेखनीय है कि दो जनवरी को एसीबी की टीम ने मुंशी राम को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसीबी टीम ने उनके आवास पर छापेमारी की थी।

### रिम्स के पीजी रेजिडेंट में स्नेहा कांता ने यूनिवर्सिटी में मारी बाजी

**रांची :** रिम्स के विभिन्न विभागों के लिए पीजी रेजिडेंट का सोमवार को रिजल्ट प्रकाशित हुआ। इसमें फामोकीलोजी की छात्रा डॉ स्नेहा कांता ने सबसे ज्यादा अंक लाकर पूरे यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। डॉ स्नेहा कांता को 73 I25 प्रतिशत अंक मिले हैं। डॉ स्नेहा कांता अपने विभाग में तो अव्वल रही ही हैं, पूरे यूनिवर्सिटी में भी बाजी मारी है। इस उपलब्धि के लिए डॉ कांता को दो-दो गोल्ड मैडल मिलेंगे। आपको बता दें कि डॉ कांता रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हरे राम सिंह की पुत्री हैं। डॉ हरे राम सिंह झारखंड में अपनी सेवाकाल के दौरान राज्य के कई अस्पतालों में काम किये। अस्वस्थता के कारण डॉ सिंह ने स्वैक्षिक सेवानिवृति ले ली है। परिवार में विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ स्नेहा कांता ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# विधान सभा बजट सत्र : जदयू विधायक सरयू राय ने सदन में उठाया प्रदूषण का मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के फ्लाई ऐश से छह पौंड (तालाब) भर गए हैं।अब फ्लाई ऐश गरगा नदी से होकर दामोदर नदी में गिर रहा है। सदन की समिति बनाई जाए, जो स्थल निरीक्षण कर रिर्पोट सौंपेंगी। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। एक सप्ताह के अंदर रिर्पोट सौंपेंगी।



सरयू राय ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी में दोषियों को ही शामिल किया गया है। जो लोग बीपीएससीएल से 73 लाख 32,031 रुपए वसूल नहीं सके, उन्हें ही कमेटी में शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भ्रम फैला रहा है। मंत्री सदन में गलत बयान दे रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि अगर गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई चलते सत्र में ही की जाएगी।

### सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग

विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम, केला घाघ, बसंतपुर, अरगोड़ा और कुस टोंगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पर्यटक स्थल के विकास के लिए पर्यटन निदेशालय भी तैयार है जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। भूषण बाड़ा ने शिक्षा नीति की तरह पर्यटन नीति बनाने की भी मांग की।

### 26001 सहायक आचार्यो की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है : रामदास

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में 2,6001 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुशंसा प्राप्त होने के बाद छात्र शिक्षक अनुपात में नियुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 17,786 पदों के लिए 13,923 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। मंत्री सदन ने भाजपा के राज सिन्हा के सवाल का जवाब दे रहे थे। राज सिन्हा ने पूछा कि 8353 स्कूलों में सिर्फ एक-एक शिक्षक ही हैं। जबकि इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 4.10 लाख है। 199 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है। इस स्कूलों में 398 शिक्षक कार्यरत हैं।

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती ही जा रही है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत शिक्षक गांवों में जाकर बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हैं। अगर शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए तो स्कूल ही बंद हो जाएंगे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शिक्षा को प्रभावी बनाते हुए शैक्षणिक महौल बनाने पर जोर दिया जाए।

### पॉलिसी का नहीं किया जा रहा है पालन

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पिछले एक साल में मध्यम स्तर के उद्योगों में वृद्धि हुई है। लेकिन 34 हजार सूक्ष्म और लघु उद्योगों में रोजगार में कमी आई है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पालन नहीं हो रहा है। इस पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा छोटे उद्योग से 25 फीसदी माल खरीदने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी पूछा कि जियाडा ने जितनी भूमि उपलब्ध कराई है, उसमें कितने लघु और सूक्ष्म उद्योग चल रहे हैं। इस पर उद्योग मंत्री संजय सिंह यादव ने कहा कि पूरे राज्य में छोटे उद्यमियों को सरकार बढ़ावा देगी। आवश्यकता होगी तो प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी परिवर्तन किया जाएगा।

विधायक अरूप चटर्जी ने शून्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में सात साल से लंबित छात्र संघ चुनाव कराने और सिंडिकेट के गठन की मांग की। वहीं विधायक ममता देवी ने रामगढ़ कॉलेज को यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज यूनिवर्सिटी की सभी अहर्ता रखता है। जयराम महतो ने सुनील महतो की मौत की एनआइए से जांच कराने और रसोइया को न्यूनतम वेतनमान की गारंटी का प्रावधान करने की मांग की।

# बोरा बनाने वाली महिलाओं को मिले बाजार : हेमलाल मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू ने बजट के पक्ष में बोलते हुए कहा कि लिटटीपाड़ा के इलाकों में शराब और हड़िया बेचने वाली महिलाएं अब सुतली का बोरा, बरी और बरबटटी बना रही हैं जो सुखद बात है। उन्होंने राज्य सरकार से इन महिलाओं के लिए बाजार मुहैया कराने का आग्रह किया।

हेमलाल ने कहा कि इस इलाके की महिलाएं अपने पतियों का शराब की लत छुड़ाने को संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को खुश करनेवाला है। हेमलाल ने कहा कि बजट में सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था् को 10 ट्रिलियन बनाए रखने का प्रयास किया है। कांग्रेस के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अब राज्य में सीएसआर का पैसा विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। इस पैसे को सरकार सेल गठित कर खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि बजट में पर्यटन और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष से भी सहयोग देने को कहा। उन्होंने कहा कि समाजिक सुरक्षा के तहत राज्य सरकार राज्यों के हर परिवार को लगभग सात से आठ हजार रुपए प्रतिमाह दे रही है। यह बड़ी उपलब्धि है।

राजद के विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि राज्य सरकार राज्य के सभी पात्र गरीब और जरूरतमंदों को पेंशन दे रही है। वहीं इसके पूर्व में पेंशन लेने के लिए गरीबों को जूते घिस जाते थे। उन्होंने देवघर में बने एम्स में बाहरी लोगों को नौकरी देने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाया।

# सेल में मनाया गया 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेल सुरक्षा संगठन, रांची द्वारा आज 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सेल एम.टी.आई. में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने औपचारिक सुरक्षा ध्वज फहराया। मौके पर अनिर्बान दासगुप्ता निदेशक प्रभारी (भिलाई एवं दुगार्पुर और बर्नपुर का अतिरिक्त प्रभार), वी.एस. चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्यिक), ऐ.के. तुलसियानी, निदेशक (वित्त), के.के.सिंह, निदेशक (कार्मिक), बी के तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो), एम आर गुप्ता निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं एवं कच्चा माल), आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी (राउरकेला), अनूप कुमार कार्यपालक निदेशक (सेल सुरक्षा संगठन), सेल के सभी संयंत्रों एवं इकाइयों के कार्यपालक निदेशक, सेल की




रांची इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रकाश और दासगुप्ता द्वारा सुरक्षा शपथ क्रमशः हिंदी और अंग्रेजी में उपस्थित लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों को दिलाई गई।

सेल में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में, उपरोक्त कार्यों के अलावा सेल के निदेशकों ने श्री एस के वर्मा, ईडी (सीईटी) के साथ सेल के संयंत्रों/इकाइयों में परियोजना निष्पादन के दौरान खरीदे गए उपकरणों और आपूर्ति के स्वीकार्य निमार्ताओं की सूची के का अनावरण किया। यह सूची सीईटी, सेल द्वारा तैयार किए गए निमार्ताओं को मानकीकृत करने का एक प्रयास है। यह कार्यक्रम एमटीआई, सेल में चल रही वार्षिक बिजनेस प्लान बैठक के दौरान आयोजित किया गया था। स्वीकार्य निमार्ताओं की सूची का उद्देश्य परियोजना निष्पादन के दौरान उपकरणों और आपूर्ति के निमार्ताओं से संबंधित कठिनाइयों को कम करना है। सूची में वर्तमान में 1100 से अधिक नाम हैं

# महिला की हत्या मामले में बाबूलाल ने सरकार पर साधा निशाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। महिला की गैंग रेप के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। उधर भाजपा के प्रदेश भाजपा बाबूलाल मरांडी ने घटना की निंदा करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर सवाल उठाए हैं। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह घटना हेमंत सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था की पोल खोल रही है। दुमका में घटित इस दिल दहला देने वाली घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था में खामियां हैं। जब सरकार बजट पर



वाहवाही लूट रही थी, तब काठीकुंड में एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस घटना के परिणामस्वरूप चार बच्चों के सिर से उनकी मां का साया उठ गया है। मरांडी ने सवाल किया कि महिलाएं कब तक ऐसी बर्बरता का शिकार होती रहेंगी। उन्होंने मईया योजना के तहत सरकार पर अपने महिला विरोधी चेहरे को छिपाने का आरोप लगाया और दुमका पुलिस से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि घटना रविवार दोपहर की है, जब महिला स्नान करने नदी गई थी और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। जब रात होने लगी और मां का कोई पता नहीं चला तो उसकी बेटी ने नदी में मां की खोजबीन की। वहां पास में धोए गए कपड़े मिलने के बाद बेटी वापस घर लौट गई। पिता के घर लौटने पर बच्चों ने सारी घटना बताई, जिससे महिला के पति ने ग्रामीणों को स्थिति बताई। ग्रामीणों ने रात भर नदी और आस-पास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका था। सोमवार को परिजन और ग्रामीण फिर से खोज में जुट गए और इसी दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के नदी किनारे झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिला था। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि मामला हत्या का प्रतीत होता है। हत्या से पूर्व महिला के साथ कुछ गलत किये जाने का भी आशंका है, जिसकी पुष्टि मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### आज से शुरू होगा ईसाई धर्मावलंबियों का राख बुधवार

**रांची :** कैथोलिक चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में बुधवार से चालिसा काल की शुरूआत हो रही है। चर्चों में सुबह पांच बजे से आराधना शुरू हो जाएगी, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। परमेश्वर की आराधना के लिए चर्चों में भीड़ होगी। खजूर के पत्तों को जलाकर उन्हें माथे पर तिलक के रूप में लगाया जाएगा। इसके साथ ही लोग पश्चाताप करेंगे और परमेश्वर के दुखभोग का स्मरण करेंगे। सभी वर्गों का खास ध्यान रखा गया है। संत मरिया महागिरजाघर चर्च में पांच बार अलग-अलग समय पर मिस्सा आयोजित किया जाएगा।

# ईडी के खिलाफ दर्ज एफआईआर मामला : सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मंगलवार को मामले में कोर्ट ने ईडी अधिकारी को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय कोर्ट ने दिया है। पूर्व में कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को अंतरिम राहत देते हुए गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट




ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरव कुमार ने पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी की ओर से की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के तत्कालीन अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया। ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिला झारखंड फामेर्सी छात्र संघ का शिष्टमंडल



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड फामेर्सी छात्र संघ के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष एवं निबंधक-सह-सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के संदर्भ में एक ज्ञापन समर्पित किया। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष के जरिये गलत सूचना देने एवं निबंधक पद पर अनुचित नियुक्ति की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही विधिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा-इन-फामेर्सी परीक्षा समिति के जरिये डी फार्मा में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की भी मांग की।

### राज्यपाल से मिला झारखंड फामेर्सी छात्र संघ का शिष्टमंडल



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड फामेर्सी छात्र संघ के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष एवं निबंधक-सह-सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के संदर्भ में एक ज्ञापन समर्पित किया। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष के जरिये गलत सूचना देने एवं निबंधक पद पर अनुचित नियुक्ति की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही विधिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा-इन-फामेर्सी परीक्षा समिति के जरिये डी फार्मा में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की भी मांग की।

### ईडी के जवाब पर छवि रंजन को अपना प्रतिउत्तर देने का हाई कोर्ट का निर्देश

**रांची :** सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मंगलवार को मामले में ईडी की जवाब के संदर्भ में प्रार्थी को प्रति उत्तर (रिप्लाई) देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है, लेकिन ईडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है, इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। उल्लेखनीय है कि मामले में ईडी ने छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। मामले में छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ आरोप भी गठित हो चुका है, लेकिन अभी ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141/2022 दर्ज किया गया था। इसके आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया।

### जनता को दिग्भ्रमित न करे राज्य सरकार : बाबूलाल

रांची : बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद बजट पर वाद-विवाद हुआ। इसमें भाग लेते हुए भाजपा के विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार जनता को दिग्भ्रमित नहीं करे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसा खर्च करने को कोई विजन और इच्छानशक्ति ही नहीं है, जबकि सरकार केंद्र पर राशि नहीं देने का आरोप लगाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सार्वजनिक उपक्रमों पर सरकार का बकाया है, लेकिन इसके लिए सरकार को प्रोपर चैनल से प्रयास करना होगा। बाबूलाल ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार ने राज्य की ओर से मांगे गए पैसे की तुलना में वित्त वर्ष 21-22 में 125.78 प्रतिशत अधिक पैसा दिया। वहीं 22-23 में 116.28 और वित्त वर्ष 23-24 में 110.58 प्रतिशत राशि मांग की तुलना में अधिक दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार काम नहीं कर रही है तो केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर पल्ला नहीं झाड़े। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में झारखंड को 14 हजार 373 करोड़ रुपए दिया गया। बाबूलाल ने कहा कि बजट में सरकार ने गिनाया है कि वह किस-किस मद में कितना पैसे खर्च करेगी, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि सरकार पैसे कहां से लाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार इस वित्त वर्ष में केवल 58.82 प्रतिशत राशि ही जुटा पाई है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम रखा गया है, जबकि योजना मद में अधिक खर्च दिखाया गया है जो वित्तीय प्रबंधन के हिसाब से ठीक नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि विकास योजनाओं को लेकर टेंडर निकाले जा रहे हैं लेकिन पैसे की कमी बता कर काम शुरू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले बजट की राशि खर्च नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि सरकार कृषि और पशुपालन पर बजट का 54 प्रतिशत, पेयजलापूर्ति पर 18.6, खाद्यान्न योजनाओं पर महज 38 प्रतिशत, पंचायती राज पर 36 तथा सूचना प्रोद्योगिकी पर केवल 7.45 प्रतिशत राशि ही खर्च कर पाई है।उन्होंने कहा कि कहीं से नहीं लगता है कि यह बजट गरीबी उन्मूलन के लिए है। उन्होंने कहा कि राज्य की 41 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। हाल के दिनों में राज्य में भूख से कोई मौत नहीं हुई, क्योंकि मोदी सरकार ने कोविड काल से राज्य के हरेक व्यक्ति को पांच किलो अनाज मुहैया करा रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की गंठबंधन की सरकार अपनी जिम्मेवारियों से भाग नहीं सकती है, क्योंकि राष्ट्रपति शासन को मिलाकर उसके शासन के भी 11 वर्ष हो गए हैं। राज्य में स्वास्थ्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में खुले मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की पर्याप्त? संख्या नहीं है। यही वजह है जिलों से मरीजों की भीड़ रिम्स आ रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के कारण ऑपरेशन नहीं होता है। सदन में वित्ती मंत्री की ओर से बजट भाषण में झारखंड का गठन कराने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लेने पर बाबूलाल मरांडी ने खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें वित्त मंत्री से उम्मीद नहीं थी कि वे पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को नजरअंदाज करेंगे।

# गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना निवारण पर विशेष जोर देते हुए सुरक्षा मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक विनीत कुमार शर्मा ने किया। इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम - सुरक्षा और कल्याणः विकसित भारत के लिए अनिवार्य के अनुरूप, इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना, दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रोत्साहित करना और उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्रों में समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना था। सुरक्षा मार्च के दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए। कर्मचारियों ने सुरक्षा नारों के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित खतरों, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक विनीत कुमार शर्मा ने औद्योगिक संचालन में सक्रिय सुरक्षा उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। सहायक महाप्रबंधक श्री कृष्ण चंद्र पात्र ने विभाग में सुरक्षा प्रोटोकॉल के निरंतर उन्नयन और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने कार्यस्थल पर जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा, प्रबंधक अमन कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक मनीष स्नेही सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

# कोटपा-2003 के तहत हरला थाना क्षेत्र में चलाया गया जांच अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं हरला थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा हरला थाना क्षेत्र के बसन्ती मोड, कूलिंग पाउण्ड 2, ए रोड, सेक्टर 8 कुल 63 दुकानों की जांच की गई जिसमें 7 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव सह राज्य खाद्यय सुरक्षा आयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड रांची के आदेशानुसार तम्बाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के भंडारण, वितरण एवं बिक्री को अगले एक वर्ष तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया है। सभी दुकानदार को सुझाव दिया जाता है कि तम्बाकू / पान मसाला/ निकोटीन युक्त गुटखा का विक्री न करें। छापामारी के दौरान विभिन्न दुकानदारो को जिला परामर्शी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री न करें अन्यथा पकडे जाने पर कोटपा 2003 की धारी 6 बी के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने लिया मरीजों को बेहतर सेवाएं देने का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** एस. जे. ए. एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें अस्पताल के एम.डी. अमरेन्द्र कुमार सिंह और सी.ई.ओ. डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने अस्पताल की विभिन्न पहलुओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल के लक्ष्य, विशेष चिकित्सा सेवाओं और कैशलेस फैसिलिटी के उद्घाटन की जानकारी दी गई, जो मरीजों के लिए एक नई राहत लेकर आई है।



एम.डी. श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह ने अस्पताल के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य समाज के हर वर्ग को बेहतरीन और किफायती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। एस. जे. ए. एस अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है ताकि समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल सके। उन्होंने राज्य के सभी डॉक्टरों से अपील की कि वे अस्पताल में OPD सेवाएं उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को इलाज मिल सके। उनका मानना है कि डॉक्टरों का सहयोग अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बना सकता है। सी.ई.ओ. डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं की सफलता की चर्चा करते हुए कहा, ₹हमने कई गंभीर मामलों में सफलता प्राप्त की है, खासकर बुलेट इंजरी के मामलों में। धनबाद में जितने भी आकस्मिक सेवायें/बुलेट इंजरी के मामले आए हैं, उनकी सफलता दर 100% रही है। साथ ही, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी हमारा इलाज पूर्णतया प्रभावी रहा है। हम हर मरीज को कम लागत में सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ. सिंह ने अस्पताल में कैंसर के उपचार की उपलब्धियों को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि एस. जे. ए. एस अस्पताल में कैंसर के तीनों प्रमुख विभाग - मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी - कार्यरत हैं और कई मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है।

# कृतिका कुमारी ने राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में किया बेहतर प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने 14वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त करके एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट 23 से 29 मार्च, 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा।

**झारखंड का उभरता सितारा**

सियालजोरी गांव की 14 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा कृतिका ने 23 फरवरी, 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। ट्रायल के दौरान उनकी सटीकता, निरंतरता और अटूट फोकस ने उन्हें दूसरों से अलग कर दिया, जो उनके उभरते करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।


**कृतिका की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ**

कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। नवंबर 2024 में, उन्होंने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धियों की बढ़ती सूची उनके समर्पण और वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग का प्रमाण है। कृतिका मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, वह अपनी अकादमी, अपने गाँव और राज्य की उम्मीदों को लेकर चल रही हैं। उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सपने हकीकत में बदल सकते हैं।

# सीबीएसई रीडिंग चैलेंज में अव्वल रहे एमजीएम स्कूल के अर्णव पराशर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के दसवीं कक्षा के छात्र अर्णव पराशर ने सीबीएसई की ओर से आयोजित हिंदी रीडिंग चैलेंज में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पहला स्थान हासिल किया। वह सीबीएसई पटना क्षेत्र मे अव्वल रहे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दी। उन्होंने कहा कि अगस्त-सितंबर 2024 में सीबीएसई की ओर से देश भर के विद्यालयों में रीडिंग चैलेंज, हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अर्णव पराशर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पटना रीजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चे किताब से दूरी बनाते जा रहे हैं। पुस्तकें ज्ञान का सागर हैं। पुस्तकों का अध्ययन करने से विद्यार्थियों को कई विषयों का ज्ञान मिलता है। किताब पढ़ने से एकाग्रता बढ़ती है। पुस्तक पढ़ने से याददाश्त तेज होती है।



साथ ही बोलने की कला व कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होती है। इसलिए विद्यार्थियों को पुस्तकों का नियमित रुप से अध्ययन करना चाहिए। अर्णव पराशर ने कहा कि पुस्तकें पढ़ना अच्छा लगता है। इसलिए नियमित रुप से पुस्तकों का अध्ययन करता हूं। पुस्तकों के अध्ययन से न केवल विषय का ज्ञान होता है, अपितु महापुरुषों, विज्ञान के अलावा विविध क्षेत्र से संबंधित जानकारी भी मिलती है। प्रधानाध्यापक फादर डा. जोशी वर्गीस, उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने अर्णव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 7 मार्च को झारखंड प्रदेश प्रभारी के आगमन पर एससी मोर्चा करेगा भव्य स्वागत


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बोकारो सर्किट हाउस में बैठक आयोजित कि गई, आगामी 7 मार्च 2025 को झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू के संयुक्त भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो आगमन की तैयारी को लेकर एससी विभाग के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन झारखंड प्रदेश सचिव एससी विभाग बबलाराम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एससी विभाग के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सर्किट हाउस में एक बैठक आयोजित कि गई जिसमें झारखंड प्रदेश में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजु सहित कई पदाधिकारी लोग बोकारो धनबाद भ्रमण का आगमन होने वाला है जिसकी तैयारी हेतु बैठक किया गया है जो उनके स्वागत में गंजे बाजे और झारखंड संस्कृति का भी दृश्य रहेगा। साथ ही आज के बैठक में एससी मोर्चा में दर्जनों कि संख्या में कार्यकर्ता ने दामन थामा है सभी को माला और प्रशस्ती पत्र सौंपा गया। साथ ही सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि सेक्टर 4 गांधी चौक बाबा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा के समझ 7 मार्च को झारखंड भ्रमण पर आ रहे झारखंड प्रदेश प्रभारी के द्वारा भीमराव अम्बेडकर जी कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकरा चट्टानी मजबूती एकता एवं अखंडता उपस्थित होकरा अपना परिचय दें। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी, बोकारो जिला सचिव सुनील कुमार बोकारो महानगर अध्यक्ष रवि कुमार राम बोकारो जिला वरिष्ठ सलाहकार ललन आनंदकर, नंदेश्वर बौद्ध ,सदस्य संतोष राम, अफजल जी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप कालिंदी, संतोष कुमार, अमर राम, विपुल कुमार, दीपक कुमार, संदीप राम सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### झारखंड का बजट सराहनीय : हलधर



**धनबाद :** भाकपा–माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा बजट पेश किया है जिसका सराहना करता हूं। मनरेगा का आवंटन और रोजगार के लिए अन्य योजनाएं राशि मुहैया कराने की जरूरत है। धान खरीदने के लिए सीधे पंचायत को जिम्मेदारी दी जाय । न्यूनतम मजदूरी के दर को बढ़ाने के लिए असंगठित मजदूरों के लिए उचित महंगाई भत्ता देने की जरूरत है। महिलाओं और आदिवासियों तबको के लिए प्रोत्साहन योजनाओं का स्वागत करते हैं।

### महिला टोली का होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**बोकारो :** नगर के सेक्टर दो बी स्थित एफ रोड़ मुहल्ले में महिला टोली द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दुसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाईया दी। वहीं गीत संगीत का भी आयोजन हुआ। जिसमें होली के गीतों पर समारोह में शामिल महिलाए जमके झुमे। होली के गीतों पर शेरो शायरी का दौर देर रात तक चलता रहा। महिलाओं ने स्वदीष्ट वैंजन का लुत्प उठाए। समारोह में रेखा, मध्वाला, अंजु, सुनीता, रम्भा, पूनम, कंचन, गुड़िया, सुजाता,मोना, पिंकी सहित काफी संख्या में महिलाए शामिल थी।

### मोबाइल दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**बोकारो :** सेक्टर 1 राम मंदिर मार्केट स्थित एक मोबाइल दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।
यह घटना सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर इलाके में हुई। आग लगने से पूरी दुकान जलकर खाक हो गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। दुकान में रखे मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उसरडीह में खुला नया सबेरा मुफ्त शिक्षा केन्द्र

**बोकारो:** युवा भारत के तत्वधान में चास ब्लॉक के ऊसरडीह, बिजौलिया में नया सवेरा मुफ्त शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री भूतनाथ राय ने किया तथा संचालन देवाशीष राय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना एवं सामाजिक गीतों से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नया सवेरा के संस्थापक उमेश कुमार तुरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों की लचर स्थिति के कारण ही मुफ्त शिक्षा केंद्र की आज गांव गांव में जरूरत है। ताकि जरूरतमंद परिवारों के बच्चो को शिक्षा मिल सके। वही विशिष्ट अतिथि जनार्दन महतो ने कहा कि आज जहां सभी अपने स्वार्थ के बारे में सोचते है वही इन नौजवानों के विचारों को धन्यवाद देना चाहिए। जिन्होंने ऐसी केंद्रों के द्वारा शिक्षा के अलख जगा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट द्वारा प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन



**धनबाद :** मंगलवार को हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया जिसमें ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट आगामी 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को शाम 6:30 बजे से शहर के इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स संगठन जोड़ा फाटक रोड में रंग बरसे 2025 होली के रंग हास्य कवियों के संग मनाने जा रही है। जिसमें देश के दो नामचीन हास्य कवि क्रमशः शंभू शिखर व चेतन चर्चित अपने हास्य रंग की कविताओं से शहर वासियों को सराबोर करेंगे। कार्यक्रम शाम 7:00 बजे से शुरू होकर रात्रि 9:00 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में साहित्य विकास परिषद के सभी सदस्य सादर आमंत्रित है। संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सशक्तिकरण का सम्मान करते हुए शहर की कुछ प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य व शहर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। साथ ही राकेश शर्मा ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल से साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट झारखंड के इतिहास में पहली बार साहित्य चौपाल का शुभारंभ करने जा रही है। जिसमें ग्राम स्तर एवं पंचायत स्तर पर युवाओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। इसके साथ ही झारखंड के कहानीकारों का कहानी संग्रह साहित्य ग्रंथ भाग 2 का भी लोकार्पण करेंगी। प्रेस वार्ता में संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद, सचिव राकेश शर्मा, परिषद के सीताराम सिंह, संजय तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### रोजगार की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने दिया धरना



**धनबाद :** न्यू मधुबन कोल वाशरी में रोजगार की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के दर्जनों कार्यकताओं ने वाशरी कब मुख्य द्वार पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मामले को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अजय महतो ने बीते 28 फरवरी को न्यू मधुबन कोल वाशरी के परियोजना पदाधिकारी, चेन्नई राधा कंपनी के साइट इंचार्ज एवं एचईसी कंपनी के साइट इंचार्ज को आवेदन भी दिया था। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बाघमारा अजय महतो ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने को लेकर एकदिवसीय प्रदर्शन किया गया है। कंपनी के द्वारा पूर्व में हुई वार्ता के अनुसार स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही गई थी। लेकिन कंपनी के द्वारा उस वार्ता पर अमल नही किया जा रहा है। अजय महतो ने कहा कि अगर कंपनी अपनी मनमानी करेगी तथा स्थानीय लोगों के हक और अधिकार को छीनने का काम करेगी तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसका जिम्मेदार केवल कंपनी प्रबंधन होगा। मौके पर विशाल महतो, विकास महतो राजेश राम, दयाल महतो, सुदेश दास, उपेंद्र दास, मनोज साहू, विनोद रवानी, निर्मल महतो, वासुदेव रवानी, राजन रवानी, टी पी पांडे, रणधीर सिंह, मुकेश महतो आदि उपस्थित थे।

### अबुआ बजट की घोषणाएं स्वागत योग्य लेकिन कार्यान्वयन का तरीका स्पष्ट नहीं : सीपीएम

**बोकारो :** झारखंड की बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य राज कुमार गोराई ने कहा कि झारखंड के वित्तमंत्री द्वारा पेश बजट का आकार तो बड़ा है और कई उम्मीदों को भी जगाता है। लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के मद में आवंटित राशि का उपयोग केवल आधारभूत ढांचे को बढाने की ओर है जिसके अंतर्गत नए मेडिकल और ला कालेज के निमार्ण की घोषणा भी शामिल है। पिछले दिनों राज्य में जितने भी मेडिकल कालेज खोले गए वहां विभिन्न विभागों की स्थापना नहीं हुई है और जो विभाग खोले गए हैं वहां डाक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। जिले में भी डिग्री कालेज खुल गए हैं लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के चलते पठन – पाठन नहीं हो रहा है राज्य में अनुसूचित जाति के लिए परामर्शदातृ समिति का गठन किए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है लेकिन अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए उनके उप योजना मद में राशि का आवंटन नहीं किया गया है. इसके अलावा उन्हें जाति प्रमाण पत्र मिलने में हो रही कठिनाई का सामना भी करना पड़ रहा है। बजट में रोजगार सृजन के लिए और फोकस किए जाने की जरूरत थी। हालंकि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ पूरी तरह असमानता का रुख अपनाता है। केंद्र द्वारा झारखंड को उसके आर्थिक हिस्से से लगातार वंचित रखने की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से बजट का आकार बढाए जाने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है।

### मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



**बोकारो :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

## विधायक ने सुनी आम जनों की समस्याएं

**बरहरवा :** मंगलवार को विधायक कक्ष के माध्यम से विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में जमीन संबंधित, मईया सम्मान योजना संबंधित, पेंशन संबंधित शिकायत, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत, ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत, जाति, आय, निवास से संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की। बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वातालर्प किया और कुछ समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया एवं उक्त समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

# गायत्री महायज्ञ को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा बांझी बाजार के तत्वाधान में आगामी 4 मार्च से 6 मार्च तक चलने वाली नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव के मद्देनजर कलश शोभा यात्रा आज मंगलवार को धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में बांझी बाजार सहित आस पास के गांव से सैकड़ो महिलाएं, कुमारी कन्याएं एवं गायत्री परिवार से जुड़े पुरुष श्रद्धालु पीतांबर वस्त्र धारण कर पैदल नदी के लिए निकले। सभी बांझी बाजार हाट पाड़ा दुर्गा मंदिर यज्ञ स्थल से



पैदल चलकर नदी पहुंचकर कलश में जल भर यज्ञ स्थल पहुंची। मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ स्थल में कलश की स्थापना की गई। 4 मार्च से 6 मार्च तक महायज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक सुशील भगत ने बताया कि हवन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम के साथ संस्कार आदि अनुष्ठान किए जाएंगे।

गायत्री यज्ञ का एकमात्र उद्देश्य मानव कल्याण और शांति को बढ़ावा देना है। इस मौके पर संयोजक सुशील भगत, विष्णु जायसवाल, प्रलाद भगत, गौरव पांडे, अमित साह, रोशन साह, अनीशा साह, कुंदन साह, अमन कुमार, श्रीकांत भगत, संजय कुमार सहित सैकड़ो गायत्री परिवार के लोग शामिल हुए।

## जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो सालगिरह के मौके पर की पूजा पाठ



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्तरी जिला परिषद क्षेत्र सदस्य खगेन चंद्र महतो अपने 27 वा सालगिरह के अवसर पर अपनी धर्म पत्नी बिंदुवाला महतो के साथ सुबह मंदिर में पूजा पाठ कर भगवान से आशीर्वाद लिया। वही क्षेत्र में दिनभर जनता के सुख दुख में सक्रिय रहे। रांगाटांड़ में मेला में शिरकत की। वही कुमीर गांव ने सीपीआई नेता के निधन पर श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। वही कमलपुर और चड़कपाथर में शादी समारोह में शामिल होकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया।

## खनन विभाग ने चलाया जांच अभियान ,17500 सीएफटी अवैध बालू किया जब्त



**ईचागढ़ :** जिला खनन विभाग सरायकेला-खरसावां का अवैध बालू के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कारवाई किया जा रहा है। अवैध बालू उत्खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ लगातार कारवाई किए जाने से बालू व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मंगलवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बीरडीह के सुवर्ण रेखा नदी घाट के पास जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपती के नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर 17500 सीएफटी अवैध बालू को जप्त किया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपती ने बताया कि कांड्रा चौका मार्ग पर अवैध बालू,गिट्टी आदि के खिलाफ औचक छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान आयरन ,गिट्टी एवं बालू लदे वाहनों के परिवहन कागजातों की जांच की गई। इस दौरान किसी तरह के अवैध परिवहन का मामला नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा तड़के सुबह 3 :30 बजे ईचागढ़ थाना अंतर्गत बीरडीह नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 17500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अग्रेत्तर करवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ लगातार कारवाई किया जा रहा है।

# केंद्रीय परिषद द्वारा अखिल भारतीय संकल्प दिवस का किया गया आह्वान





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** विगत 1 मार्च को पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने और साथ मे विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर शिक्षा मंत्री का काफिला का गाड़ी चढ़ा दिया गया था जिससे कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए, इस बर्बरता पूर्ण घटना के खिलाफ छात्र संगठन अक्छ्रड पश्चिम बंगाल राज्य कमिटी की और से विगत कल 3 मार्च को राज्यव्यापी विरोध दिवस हड़ताल का आह्वान किया गया था और इस घटना के विरोध मे उतरे आंदोलनकारी छात्रों के साथ तृणमूल छात्र परिषद के छात्र और साथ मे टीएमसी के गुंडावाहिनी व पुलिसी गठजोड़ द्वारा बर्बर हमला किया गया। इसके खिलाफ में व सशक्त छात्र आंदोलन संगठित कर कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल को बचाने के लिए मंगलवार को को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के केंद्रीय परिषद द्वारा अखिल भारतीय संकल्प दिवस का आह्वान किया गया था। इसी क्रम मे आज सिंहभूम कॉलेज चांडिल कॉलेज गेट मे संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अक्छ्रड झारखंड प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि पश्चिम बंगाल मे न्याय संगत छात्र आंदोलन मे पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा किया गया इस बर्बरतापूर्ण अपराध का कड़ी निंदा करते है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते है साथ ही मांग करते है कि सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों मे अविलंब छात्र संघ चुनाव कराया जाए और कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल को बनाये रखा जाए। इस कार्यक्रम में सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो, जिला सचिव प्रभात कुमार महतो, कार्यालय सचिव युधिष्ठिर प्रमाणिक साथ मे राजा प्रमाणिक, समीर कुमार महतो, रिनटु, सुखराम व अन्य छात्र उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की 15 वें वित्त एवं पंचायती राज के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने आज 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत व्यय राशि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, ग्राम पंचायत विकास अभियान 2024 अंतर्गत वीएलई द्वारा योजनाओं के प्रविष्टि की स्थिति, पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन की स्थिति, पंचायत में संधारित विभिन्न रोकड़ बही की अद्यतन स्थिति, चापाकल एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मति, विद्यालय/आंगनबाड़ी केंद्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/आंगनबाड़ी केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ?क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन, रॉयल्टी/डीएमएफटी/लेबर सेस, ऑडिट फी का भुगतान एवं भारतनेट रिचार्ज से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपरोक्त बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थें।

## उपायुक्त ने जनता दरबार लगाकर आमजनों की सुनीं समस्याएं

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतकताओं की बातें सुनीं और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, पेंशन, भूमि विवाद, जल आपूर्ति, विद्युत समस्या और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि जन समस्याओं के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निष्पादन के बाद उसकी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को अनिवार्य रूप से सौंपे।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई



**पाकुड़ :** जिले के समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षक बहाली से संबंधित, स्वास्थ्य सहायता से संबंधित एवं आपूर्ति विभाग से आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

## शेरशाहवादी संगठन जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने पर अंचल कार्यालय में करेगा तालाबंदी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बरहरवा :** मंगलवार को शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अंचल अधिकारी के समक्ष किया गया है। अंचल अधिकारी के आदेश के उपरांत प्रक्रिया अनुसार हल्का कर्मचारी द्वारा अपना स्थानीय जाँच तथा ग्राम सभा करके अपना रिपोर्ट अंचल निरीक्षक को जमा किया गया तथा अंचल निरीक्षक ने भी अपना मंतव्य अंचल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं।परन्तु अंचल अधिकारी अभी तक उपरोक्त आवेदनों को लेकर बैठे हुए है और जब हम आवेदक इसकी जानकारी लेने की कोशिश करते है तो अंचल कार्यालय मे अनुपस्थित पाया जाता है और आज भी घंटो प्रतीक्षा के बाद भी वार्ता न होने से आक्रोशित संगठन ने कहा यदि लंबित शेरशाहवादी जाति के आवेदनों का निष्पादन जल्द नहीं हुआ तो अंचल कार्यालय मे तालाबंदी या सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे। अपर समहर्ता साहिबगंज द्वारा 24 सितंबर 2024 को आदेश जारी किया गया था। इसी के आलोक मे 16 दिसंबर को आवेदन समर्पित किया गया था।

मौके पर संगठन के सदस्य

# घर से जेवरात व नकद की हुई चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड के वार्ड नंबर 9 चाई टोला मोहल्ले में एक घर में अज्ञात चोरों ने नगदी और जेवरात सहित लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। मनोज मंडल ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब मां के कमरे में रखे बक्से से कुछ काम के लिए पैसा निकालने के लिए उसकी पत्नी गई तो देखा कि पहले से ही बक्सा का ताला टूटा पड़ा है। खोल कर देखने से पता चला कि अंदर रखा नगदी, गहना आदि सब गायब है। मनोज मंडल की पत्नी किरण देवी ने बताया कि रविवार की सुबह उसकी सास अपने रिश्तेदार के यहां घूमने गई हुई थी और कमरा के अंदर बक्सा में ताला लगा हुआ था और कमरा बंद नहीं था। सोमवार की रात



करीब 1:30 बजे छत के रास्ते कुछ लोगों का अंदर घुसने का आहट मिला था। लेकिन हिम्मत नहीं हुआ कि उठकर देखें और यह भी लगा कि हो सकता है बिल्ली वगैरह कुछ हो। इसलिए ध्यान नहीं दिया गया। हम लोग पति-पत्नी फिर सो गए। मंगलवार को जब सास घर वापस आई और एक आदमी को पैसा देने के लिए जब कहा तो बक्से से पैसा लाने गया तो देखा कि बक्सा का ताला टूटा पड़ा हुआ है। अंदर रखा करीब डेढ़ लाख रुपए नगद, सवा भरी सोने का गहना और 17 भरी चांदी का गहना सब गायब था। घटना को लेकर किरण देवी ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, महिला समेत चार घायल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज गोड़ीटोला में सोमवार की रात्रि पुराने रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट में महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में डोमन सिंह 65 वर्षीय, हरी राम सिंह 25 वर्षीय, भारती देवी 21 वर्षीय, नंदलाल सिंह 60 वर्षीय है। इधर घायल नंदलाल सिंह ने बताया कि वे लोग रात्रि घर पर सोया था। इस दौरान गांव के ही आनंद सिंह, गंगा सिंह, सनोज सिंह, बोधा सिंह के द्वारा हथियार व रॉड के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया गया है। घायल ने हथियार के बट से भी मारने का आरोप लगाया गया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सुड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल




**साहिबगंज :** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रगोड़ा मोड़ के पास सोमवार की रात्रि मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया है। घायल बरहेट थाना क्षेत्र के लखिया पटा गांव के सूरज पहाड़िया 60 वर्षीय सीएसपी सेंटर से पैसे निकालने के लिए गया था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे वृद्धि के सिर पर गंभीर चोट लगी है। वहीं घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# पुलिस ने किया आईआरएडी प्रशिक्षण एवं लंबित आंकड़ों का सत्यापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिले के बोरियो थाना, बरहेट थाना और रांगा थाना परिसर में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस यानी एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जिला आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा संबंधित थाना प्रभारी एवं केस के अनुसंधानकर्ता को आईआरएडी और इडीएआर के तहत दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों के आंकड़ों को ऑनलाइन डेटाबेस में अपलोड करने एवं लंबित मामलों के सत्यापन की



प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले के तीनों थानों के थाना प्रभारी एवं आईओ को सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े लंबित मामलों के सत्यापन एवं डिजिटल अपलोडिंग करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के बाद पूर्व में दर्ज किए गए सड़क दुर्घटनाओं के मामलों का सत्यापन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी, केस के आईओ एवं जिला आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## मनोज कुमार के निधन पर कर्मियों ने रखा शोक सभा

**साहिबगंज :** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक पद पर कार्यरत मनोज कुमार झा का बीते दिन 4.30 बजे अपराह्न अचानक निधन हो गया। विगत कई माह से अस्वस्थ चल रहे थे। इस खबर को मिलते ही कार्यालय कर्मी में शोक की लहर दौड़ गई। वही मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के कर्मियों ने कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं इस दुख के घड़ी में परिवारजनों को सहन शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (सूचना भवन)**

दूरभाष : 06553-296306 (0) Email ID: ramgarhdpro@gmail.com

**आउटडोर प्रचार-प्रसार से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

रामगढ़ जिले में विभिन्न प्रकार के आउटडोर/इन्डोर प्रचार-प्रसार (फ्लैक्स/बैनर/होर्डिंग/ पोस्टर-पम्पलेट, आमंत्रण/संदेश-पत्र/दीवार लेखन/स्टैंडी/कियोस्क इत्यादि) से संबंधित कार्यो हेतु फर्मो को सूचीबद्ध करने एवं दर निर्धारण के लिए अनुभवी एवं निबंधित एजेंसियों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 18.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ (सूचना भवन) में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20.03.2025 के अपराह्न 12:30 बजे गठित जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जाएगा उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड खोले जायेंगे।

निविदा की शर्त्ते, तकनीकी/वित्तीय बिड का प्रारूप एवं अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट के साथ-साथ वेबसाईट www.prdjharkhand.in एवं www.ramgarh.nic.in पर भी उपलब्ध है।

ह०/-
उपायुक्त, रामगढ़

PR.NO.347736 IPRD(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन० आर०ई०पी०-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 52/2024-25**

1. निविदादाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1,रांची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी० 1,रांची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 10.03.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 11.03.2025 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रांची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 12.03.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०-1,रांची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्थानित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Three Room Single Medicine Centre Building at Dasam Fall Panchyat Churgi in Bundu Ranchi | 12,96,000.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | 3 माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :- 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1, रांची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेंगे।
3. B.O.Q लेने के समय अग्रधन की राशि (F.D) साथ में Registration, Ucan, Character Copy लगाना अनिवार्य होगा तभी B.O.Q दिया जायगा।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०-1, रांची

PR.NO.347769 NREP(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०- : 22/2024-25 (द्वितीय आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग
2. निविदादाता का नाम :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 17.03.2025 के 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 18.03.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18.03.2025 के 3.30 बजे अपराह्न तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल सं०-02 रांची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :-

| क्र. सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रू० | अग्रधन राशि रू० | परिमाण विपत्र का मूल्य रू० | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of staff quarter (1 Block 6 Unit) at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 30,58,100/- | 61,5 00/ - | 5,000/ - | 04 (Four ) Months |
| 2 | Renovation work of Doctor's Guest House at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 26,70,900/- | 53 ,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

PR 347757 (Building)24-25*D
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार

# मास्टर छोटूराम : गायन-लेखन और शिक्षण के सारथी

चीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे हैं। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए हैं। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पैसों के पीछे दौड़ पड़े हैं, जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार हैं जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे हैं। जी हाँ, उनमें से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बा सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम।

किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे हैं। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक हैं। देशभर में हजारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों; शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते हैं तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है।

इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यूट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो के रूप में फ्री में शेयर करते हैं, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होंने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है। देशभर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे-सुने जा सकते हैं। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है, तब भी इन्होंने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज करवाया है।

बेशक आज के तड़क-भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार और फैशन की फटकार- इनके पहले दो ऑडियो एल्बम हैं जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फिल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसे बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐतिहासिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रातभर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियो और ऑडियो पसंद करती नजर आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहे है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए। ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके। जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है।

## सूडोकु नवताल- 7360

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# पच्चास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएं

डॉ सत्यवान सौरभ



राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ मिलीजुली हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है।

उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए।

राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है।

बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास सम्बंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढाँचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है।

प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है।

अपने महत्त्वपूर्ण आर्थिक इनपुट के बावजूद, तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं, उन्हें डर है कि अधिक हिन्दी भाषी आबादी वाले राज्यों को सत्ता का नुकसान होगा, जिससे राजनीतिक परिदृश्य और अधिक विखंडित हो सकता है।

निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा जैसा मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए।

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए।

एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले।

# पारदर्शी और कुशल नेतृत्व के धनी कैबिनेट मंत्री 'रणबीर गंगवा'

प्रियंका सौरभ

34 साल की राजनीतिक यात्रा में इन्होने कैबिनेट मंत्री के पद तक का सफर तय किया है। गंगवा ने राजनीति की शुरूआत अपने गाँव गंगवा से की थी। कृषि प्रगति और ग्रामीण कल्याण सुधार के साथ इन्होंने अपना सारा ध्यान बरवाला निवासियों के मानकों को ऊपर उठाने पर केंद्रित किया है। इन्होंने ग्रामीण समुदायों के लिए विशेषकर कृषि के विकास में बहुत मदद की है। बरवाला में रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनके समर्पण से पहचाना जा सकता है। उनके काम ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिसमें किसानों को सहायता देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनके समर्पण से देखा जा सकता है।

बरवाला में रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनके समर्पण से देखा जा सकता है। इनके काम ने किसानों के समर्थन पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में काफी सुधार किया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता और नेता के रूप में ये समुदाय की मदद करने और बरवाला में जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। ये अपने क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए स्थानीय परियोजनाओं पर काम करते हैं। रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हिसार जिले के गंगवा गाँव में हुआ। इनके पिता का नाम राजाराम और माता का नाम केसर देवी है। पत्नी अंगूरी देवी से इनकी शादी बहुत कम उम्र में हो गई थी। इनकी दो बेटे सुरेंद्र गंगवा और संजीव गंगवा हैं। 34 साल की राजनीतिक यात्रा में इन्होने कैबिनेट मंत्री के पद तक का ऐतिहासिक सफर तय किया है।

गंगवा ने राजनीति की शुरूआत अपने गाँव गंगवा से की थी, जहाँ उन्होंने पंच का चुनाव जीता था। इन्होंने हिसार जिले की बरवाला विधानसभा क्षेत्र में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के 'कमल खिलाने' का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। रणबीर गंगवा ने 1990 में 26 साल की उम्र में पहला चुनाव लड़ा था, जहाँ से उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरूआत की। 2024 में बीजेपी ने उन्हें नलवा की बजाय बरवाला विधानसभा से उम्मीदवार बनाया, जहाँ उन्होंने पहली बार पार्टी को जीत दिलाई। इस ऐतिहासिक जीत में उनकी इस यात्रा में कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष का सामना करने की उनकी



क्षमता विजय गान करती नजर आती है। पिछले कुछ वर्षों में, 60 वर्षीय रणबीर गंगवा हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा में पिछड़े वर्ग का एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में इनको सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग और सार्वजनिक निर्माण (भवन और सड़कें) विभाग दिया गया है।

रणबीर गंगवा वर्ष 2000 में लम्बी राजनीति के सफर में शामिल हुए जब वह हिसार ज़िला परिषद के लिए चुने गए। 2005 में वे पुनः निर्वाचित हुए और इसके उपाध्यक्ष बने। चार साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने इनको इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के टिकट पर नलवा विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा। हालांकि, कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मंत्री संपत सिंह चुनाव जीत गए। बाद में, गंगवा 2010 में आईएनएलडी के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए। 2014 में, पार्टी ने इनको फिर से नलवा विधानसभा सीट से मैदान में उतारा और इन्होंने संपत सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन को हराया। 2018 में इनेलो के विभाजन के बाद, गंगवा 2019 के चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए। ये नलवा से चुने गए और बाद में विधानसभा में डिप्टी स्पीकर बने। इस बार ये फिर से विधानसभा के लिए चुने गए।

बरवाला निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधायिका के सदस्य रणबीर सिंह गंगवा बरवाला में बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा को बदलने के लिए समर्पित हैं और अपने नेतृत्व कौशल का उपयोग करके खुद को निर्वाचन क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति और ओजस्वी नेता के रूप में स्थापित कर रहे हैं। सार्वजनिक सेवाओं को बढ़ाने तथा किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण की वकालत करने के प्रति इनकी प्रतिबद्धता ने इनको समुदाय से सराहना और समर्थन दिलाया है। बरवाला में रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति इनके समर्पण से पहचाना जा सकता है। इनको काम ने ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिसमें किसानों को सहायता देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। रणबीर गंगवा का राजनीतिक जीवन वित्तीय मुद्दों के बारे में पारदर्शिता पर जोर देता है।

इन्होंने 34 साल की राजनीतिक यात्रा में एक साफ-सुथरा रिकॉर्ड बनाए रखा है और उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं है। इनकी घोषित संपत्ति और देनदारियाँ राजनीतिक नेतृत्व में इनकी ईमानदारी को दशार्ती हैं। इनकी पारदर्शिता का स्तर मतदाताओं को यह विश्वास दिलाता है कि रणबीर गंगवा अपने वित्तीय लेन-देन का स्पष्ट विवरण देने के लिए समर्पित हैं, जो सार्वजनिक सेवा में एक आवश्यक गुण है। इनकी संपत्ति के प्राथमिक स्त्रोतों में कृषि भूमि, आवासीय संपत्तियाँ और कुछ व्यक्तिगत होल्डिंग्स शामिल हैं, जिनका इनके चुनावी हलफनामों में खुले तौर पर खुलासा किया गया है। कृषि प्रगति और ग्रामीण कल्याण सुधार के साथ-साथ इन्होंने बरवाला निवासियों के मानकों को ऊपर उठाने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किया है इन्होंने ग्रामीण समुदायों, विशेष रूप से कृषि के विकास में बहुत मदद की है। हम खुले तौर पर ये कह सकते है कि हरियाणा के वर्तमान कैबिनेट मंत्री हरियाणा के पिछड़ा वर्ग ही नहीं सम्पूर्ण हरियाणा के विकास में अपने कुशल नेतृत्व के दम पर नए आयाम स्थापित करेंगे।

# 5 मार्च 1989 : सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी, चिंतक और विचारक पृथ्वी सिंह आजाद का निधन

रमेश शर्मा

भारत की स्वाधीनता के लिये जितना संघर्ष भारत के भीतर हुआ, उतना ही जन जागरण अभियान विदेशों में भी हुआ। असंख्य ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्राँतिकारी रहे जिन्होंने भारत के भीतर भी संघर्ष किया और जेल गये और भारत के बाहर भी स्वतंत्रता के लिये वातावरण बनाया। क्राँतिकारी पृथ्वीसिंह आजाद ऐसे ही स्वाधीनता सेनानी थे। वे गदर पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।




ऐसे चिंतक विचारक और क्राँतिकारी पृथ्वी सिंह आजाद का जन्म 15 सितंबर 1892 को पंजाब प्रांत के मोहाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालरू में हुआ था। इन दिनों इस क्षेत्र को साहिबजादा अजीतसिंह नगर के नाम से जाना जाता है। उनके शादीराम भी राष्ट्र जागरण अभियान से जुड़े थे। परिवार के संस्कार और राष्ट्रवादी वातावरण के चलते पृथ्वीसिंह किशोर अवस्था में ही राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़ गये थे। आगे चलकर वे लाला लाजपत राय के संपर्क में आये और युवकों को संगठित कर क्राँतिकारी आँदोलन के समर्थक हो गये। समय के साथ वे सक्रिय हुए। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी और खुदीराम बोस के बलिदान के समाचार भी आये। उन्हें लगा कि भारत की स्वतंत्रता के लिये भारत से बाहर अंग्रेजों के विरोधियों का भी समर्थन आवश्यक है। अपने इस विचार से उन्होंने तत्कालीन वरिष्ठों को अवगत कराया और सहमति लेकर वे 1912 में अमेरिका गये। वे हिंदुस्तानी एसोसिएशन ऑफ पेसिफिक कोस्ट के संस्थापकों में से एक लाला हरदयाल से मिले। इसी संस्था को गदर पार्टी के नाम से जाना जाता था। यह संगठन अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को संगठित कर भारत की अंग्रेजों से मुक्ति के लिये वातावरण बना रही थी।

युवा पृथ्वी सिंह संस्था से जुड़े और इसके विस्तार के काम में लग गये। उन्होंने गदर पार्टी के मुखपत्र ₹गदर₹ का प्रकाशन और इसके विस्तार के काम में जुट गये। जब प्रथम विश्वयुद्ध आरंभ हुआ तो गदर पार्टी ने अपने अनेक कार्यकताओं को भारत भेजा और अंग्रेजों से मुक्ति की सशस्त्र क्रान्ति को तेज किया और युवाओं से आह्वान किया कि अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंका जाये। भारत की स्वाधीनता का यही संकल्प लेकर पृथ्वी सिंह वह 29 अगस्त 1914 को लगभग 150 स्वतंत्रता सेनानियों के साथ भारत लौटे। उन्होंने पूरे पंजाब की यात्रा की और युवकों को संगठित करना आरंभ किया। जब यह समाचार अंग्रेजों को मिला तो 7 दिसंबर 1914 वे गिरफ्तार कर लिये गये। अंग्रेजों ने उन्हें लाहौर षड्यंत्र केस में भी आरोपी बनाया और मौत की सजा सुनाई गई। बाद में सुबूत के अभाव में मृत्युदंड तो बदला लेकिन आजीवन कारावास की सजा देकर सेलुलर जेल भेज दिया गया। उन्हें 1922 में नागपुर जेल स्थानांतरित किया गया। इसके साथ उन्हें कलकत्ता, मद्रास आदि विभिन्न जेलों में 10 साल रखा गया। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों ने अधिकांश राजनैतिक बंदी रिहा किये। इसका लाभ पृथ्वी सिंह जी को भी मिला और वे रिहा कर दिये गये। रिहाई के बाद वे रूस गये। वहाँ रह रहे भारतीयों तथा अंग्रेज विरोधी विचार के लोगों से संपर्क किया तथा भारतीय समाज के दर्द का वर्णन किया। उनके द्वारा दिये गये ये विवरण लेनिन पत्रिका में प्रकाशित हुये। बाद में उनके यह सभी संस्मरण एक पुस्तक के आकार में भी प्रकाशित हुये। भारत लौटने पर काँग्रेस से जुड़े और वे गांधीजी के नेतृत्व में आँदोलन की मुख्यधारा से जुड़ गये। विभिन्न आँदोलनों में जेल गये। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने जब आजाद हिन्द फौज का गठन किया तो उनके समर्थक बने।

स्वतंत्रता के बाद उन्होंने पंजाब से संविधान सभा का चुनाव लड़ा और जीते। भारत सरकार ने 1977 में उन्हे तीसरा सबसे सम्मानित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। जीवन का अंतिम समय अस्वस्थता में बीता और 5 मार्च 1989 को क्राँतिकारी और विचारक पृथ्वी सिंह आजाद ने 96 वर्ष की आयु में संसार से विदा ली। उनकी जीवन गाथा दो आत्मकथाओं में उपलब्ध है। इनमें "क्रांति पथ का पथिक" का प्रकाशन 1990 में हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा किया गया और बाबा पृथ्वी सिंह आजाद, महान योद्धा, 1987 में भारतीय विद्या भवन द्वारा प्रकाशित की गई।

## दैनिक पंचांग

**5 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.50 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 08.21 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.01 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.59 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.13 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.29 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.41 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.06 ब.से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 01.22 बजे से |
| | | मकर | 03.27 बजे से |
| | | कुंभ | 05.14 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 64 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 12.52 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 01.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वैधृति 23.07 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 12.52 बजे तदनन्तर गर 23.48 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872274
**जूलियन दिन** 2460739.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 04
**विशेष** मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# 3 साल में 2 कुंभ, एक अर्धकुंभ लगेगा



**प्रयागराज।** महाकुंभ के बाद 3 साल में नासिक, उज्जैन में सिंहस्थ (कुंभ) और हरिद्वार में अर्धकुंभ लगना है। इन तीनों जगहों पर अखाड़ों और नागा संन्यासियों के दर्शन होंगे। प्रयागराज जैसी श्रद्धालुओं की भीड़ तो वहां नहीं उमड़ेगी, लेकिन यहां की सरकारें महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन की तैयारी में अभी से जुट गई हैं। इसका मुख्य कारण विश्व में प्रयागराज महाकुंभ की प्रसिद्धि और UP की इकोनॉमी को मिला फायदा है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के अफसरों की टीमें प्रयागराज महाकुंभ पहुंचकर स्टडी कर चुकी हैं। इस स्टडी पर तीनों राज्यों की सरकारें तैयारी कर रही हैं। श्रद्धालुओं की संख्या का एनालिसिस किया जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ में सारे रिकॉर्ड भीड़ के टूटे हैं, लिहाजा इस पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के मुताबिक सुविधाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, सेफ्टी फीचर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट अलॉटमेंट किया जा रहा है। सबसे पहले जानिए कब-कहां पर कुंभ का आयोजन होना है हरिद्वार में गंगा किनारे 2027 में अर्धकुंभ का आयोजन होगा। यह 6 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक चलेगा। इसी साल नासिक में गोदावरी के किनारे 17 जुलाई से 17 अगस्त के बीच कुंभ होगा। फिर इसके अगले साल यानी 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन होगा। यह 27 मार्च से 27 मई तक दो महीने चलेगा।प्रयागराज महाकुंभ के बाद उज्जैन के सिंहस्थ की ज्यादा चर्चा होती है। प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर लौटे प्रदेश के अधिकारी अब सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में जुट गए हैं। मध्यप्रदेश के करीब आधा दर्जन अधिकारी तीन चरणों में महाकुंभ मैनेजमेंट की जानकारी लेने पहुंचे थे। प्रयागराज पहुंचे अधिकारियों ने मुख्य रूप से पुलिस डिप्लॉयमेंट, ट्रैफिक, फायर और क्राउड मैनेजमेंट के साथ जल पुलिस और रेस्क्यू के लिए ड्रोन की व्यवस्था को करीब से समझा है।

महाकाल की नगरी उज्जैन में तीन साल बाद 2028 में सिंहस्थ कुंभ मेले का आयोजन होगा। सिंहस्थ कुंभ मेला 27 मार्च 2028 से 27 मई 2028 तक है। इस दौरान 9 अप्रैल से 8 मई की तारीखों के बीच 3 शाही स्नान और 7 पर्व स्नान प्रस्तावित हैं। कुंभ मेले में 14 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। दो महीने लंबे इस पर्व का आयोजन करने में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले साल 2016 में सिंहस्थ का आयोजन हुआ था। जिसमें करीब सात करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई थी।इस बार शाही स्नान में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए अधिकारी अभी से तैयारियों में जुट गए हैं, ताकि सामान्य दिनों व पर्वों पर भी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चल सकें। सूत्रों के मुताबिक सिंहस्थ कुंभ में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को शिप्रा नदी तक ज्यादा पैदल न चलना पड़े, इस देखते हुए सभी पार्किंग और व्यवस्थाएं बनाई जा जाएंगी। CM से लेकर ACS तक ले चुके हैं बैठक सिंहस्थ-2028 को लेकर उज्जैन में 3 हजार करोड़ से अधिक के काम चल रहे हैं। इसके साथ ही करीब 1500 करोड़ के कार्य प्रस्तावित भी हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### युवक की हत्या, परिवार ने हाइवे जाम किया



**लखनऊ।** में ट्रक ड्राइवर कुलदीप रावत (32) की हत्या को लेकर बनी-मोहान रोड पर जमकर हंगामा हुआ। बंथरा इलाके में लोगों ने सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। दो घंटे तक हाइवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। परिवार वाले हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने आरोपियों की फोटो दिखाकर गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन पत्नी बात मानने को तैयार नहीं थीं। हालांकि बाद में पुलिस ने सभी को समझाकर हाईवे को खाली कराया। दरअसल, कुलदीप रविवार को टहलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। सोमवार को उसका सड़क किनारे शव मिला था। सिर से खून निकल रहा था। भाई बोला- बिरयानी के दुकानदार ने की हत्या सोमवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद कुलदीप का शव घर पहुंचा। आरोपियों कि गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन नाराज थे। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। मृतक के बड़े भाई रंजीत का कहना है कि आरोपी बल्ले शराब दुकान के बगल में बिरयानी की दुकान चलाता है। भाई उसकी दुकान पर गया था। इस दौरान बल्ले और दुकान में काम करने वाले दो लोगों ने भाई की हत्या कर दी।मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मृतक के परिजन शव को शराब दुकान के पास लेकर पहुंचे। यहां बनी-मोहन रोड पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। रोड जाम होने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस समझाने की कोशिश करती रही। लेकिन, परिजन हत्यारों की गिरफ्तार की मांग पर अड़े रहे। कुछ देर बाद पुलिस ने बल्ले उर्फ दीपू, शेरा और रामसेवक को गिरफ्तार कर लिया।

### शिविर में अनुपस्थित मिले अधिकारी



**औरैया।** के जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विकास खंड सहार की ग्राम पंचायत माधवपुर में आयोजित आरोग्यम शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में जन सेवा केंद्र संचालक, लेखपाल और विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने नाराजगी जताते हुए तत्काल उन्हें बुलवाया। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को आगामी शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को अवर अभियंता स्तर के अधिकारी की तैनाती का आदेश दिया, जिससे बिजली बिल संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत रक्त जांच, टीबी जांच और वजन मापन की व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीएम ने गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें हीमोग्लोबिन, वजन की जांच और पोषण संबंधी परामर्श शामिल है। शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश

जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड बनवाने की व्यवस्था करने को कहा। लेखपालों को फार्मर रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल सहित राजस्व संबंधी कार्यों के निस्तारण के लिए शिविर में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ऋषि सिंह, खंड विकास अधिकारी राजनारायण, ग्राम प्रधान रामनरेश सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ढाढा चीनी मिल द्वारा बसंतकालीन गन्ना विकास गोष्ठी आयोजित



संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के फाजिलनगर ब्लाक स्थित जौरा बाजार में कृषक गोष्ठी का आयोजन किसान बृजराज यादव (अधिशासी अभियंता विद्युत) के आवास पर किया गया। गोष्ठी में डीसीओ देवरिया धनी राम वर्मा, एससीडीआई अनुज कुमार, कृषि वैज्ञानिक सेवरही शोध संस्थान डॉ विनय कुमार मिश्रा, हाटा चीनी मिल से डीजी एएम डी डी सिंह, केन मैनेजर संजय कुमार सिंह, ब्लॉक इंचार्ज अजय कुमार सिंह तथा क्षेत्र इंचार्ज दीपांकर कुमार यदुवंशी, विष्णु कांत मिश्रा, राहुल कुमारने बसन्त कालीन बुआई, ऑटोमैटिक केन प्लांटर से गन्ना बुआई, बीज सुरक्षण, छोटा ट्रैक्टर, हाटा चीनी मिल द्वारा संचालित कार्यक्रम लेबर लेस खेती पर गन्ना बुवाई से लेकर कटाई तक सारे कृषि यंत्रों पर सब्सिडी देने, एसएसटी द्वारा गन्ना की बुआई पर चर्चा की।

किसान दयाशंकर मिश्रा ने अध्यक्षता की। इस दौरान सेक्शन ऑफिसर अनुभाग सचिवालय लखनऊ महातम यादव, हरिशंकर उपाध्याय पूर्व प्रधानाचार्य जौरा बाजार, गोवर्धन सिंह, केशव सिंह, शंभु राय, युगल गुप्ता, शिवकुमार सिंह, संजय राव, रमाकांत यादव वीरेन्द्र राव, महेश बाबू आदि किसान मौजूद थे।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में श्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र हुए सम्मानित



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल विकासखंड कसयाके अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसई( कंपोजिट) के बच्चों को बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने सम्मानित किया। आयोजित मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कसया /फाजिलनगर विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की बेहतरीन उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज किशोर सिंह सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार बधाई के पात्र हैं, जिनकी लगन व मेहनत के बदौलत बच्चों को जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है'विशिष्ट अतिथि ताहिरा खातून ने अपने विचार रखे। जनपद की सूची में 120 नंबर लाकर प्रथम स्थान लाने वाले अंकुश कुशवाहा को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी ने साइकिल देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी चयनित छात्राओं में कुमारी सुष्मिता, प्रिया गोंड, दीपिका कुशवाहा, आयुषी यादव, अमित कुशवाहा, सनी कुशवाहा, शिवम शर्मा, एवं दिव्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक राज किशोर सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर मंडल गोरखपुर के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, शैलेश कुमार त्रिपाठी, भगवंत कुमार सिंह, राजीव नयन द्विवेदी, हरिन्द्र कुमार चौरसिया, वाहिद अली, अरुण कुमार वर्मा, दिनेश यादव, वकील सिंह, पूनम मिश्रा, बंदना सिंह ,अनिता कुशवाहा, रिंकू सिंह ,आमिर अंसारी, रामदयाल यादव, डॉ उमेश यादव, पंचदेव शर्मा, रामप्रवेश कुशवाहा ने शुभकामनाएं दी'

## राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर महाबोधि महाबिहार बोधगया बौद्धों को सौंपने की मांग



संवाददाता

**कुशीनगर।**

सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी, परासखांड, रामपुर कुशीनगर द्वारा बोधगया मुक्ति आंदोलन के क्रम में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौंपकर महाबोधि महाबिहार बोधगया पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपने की मांग की। मंगलवार को सोसाइटी के संरक्षक भंते डॉ नन्द रतन महाथेरा के नेतृत्व में पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भंते डॉ नन्द रतन ने कहा कि बोधगया केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा ही नहीं है आपितु विश्व के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ज्ञापन में बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त करने, मंदिर प्रबंधन से गैर बौद्धों का हस्तक्षेप समाप्त करने मंदिर का प्रबंध बौद्धों को सौंपने की मांग की गई। इस दौरान भंते विनय, भंते संघदीप, भंते दीक्षा नंद, भंते धर्मवीर, भिक्षु सूर्या, भिक्षु धनन्द, भंते डॉ करुणा, सँवरू प्रसाद, डॉ राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र पटेल एडवोकेट, सुभाष कुशवाहा, पारसनाथ, बृजनाथ मौर्य, रामप्रताप कुशवाहा, नंद किशोर कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सभी क्षेत्रों के किसानों को पानी की सप्लाई वख्त पर पहुंचाने की कोशिश की जा रही है--- (करन पाल, अधिशासी अभियंता मौदहा बांध निर्माण खण्ड हमीरपुर

संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर मौदहा बांध निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियंता करन पाल ने बताया कि किसानों को मौदहा बांध की नहर से सिंचाई के लिये सप्लाई किये जाने वाला पानी एक वख्त में क्षेत्र के सभी किसानों को नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि इस बार बारिश कम हुई है,अब जबकि गर्मी बढ़ रही है, इस लिये पानी की उपलब्ता के मुताबिक सभी क्षेत्रों के किसानों को बिना किसी भेदभाव के बारी-बारी से पानी दिया जा रहा है, बल्कि जिन क्षेत्रों में अब तक किसानों को पानी नहीं मिल पाया है, उनके क्षेत्र में भी जल्दी ही पानी पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, वहीं अधिशासी अभियंता करन पाल ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील करते हुये कहा है कि, धैर्य बनाये रक्खें, जल्दी ही उनके क्षेत्र में भी पानी की सप्लाई शुरू हो जायगी।

## चौकी इंचार्ज को नेकर बनियान में चौकी में बैठकर महिलाओं से रुबरु होना पड़ा महंगा



संवाददाता

**हमीरपुर।**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की कलैक्ट्रैट पुलिस चौकी इंचार्ज अशर्फी लाल चौकी में नेकर बनियान में बैठकर महिला फरियादियों से रुबरु हो रहे थे, उनकी इस गैर जिम्मेदाराना हरकत का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, वही वायरल वीडियो के खिलाफ एक्शन लेते हुये हमीरपुर की तेज तर्रार पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा ने बिना देर किये एस आई अशर्फी लाल को लाईन हाज़िर करने के साथ ही सीओ सदर को जांच सौंप दी,

जबकि इस मामले में पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा की एस आई अशर्फी लाल के खिलाफ कार्यवाही की जहाँ लोग दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं तो वही लापरवाह और अनुशासनहीन पुलिस कर्मियों में पुलिस कप्तान की इस कार्यवाही से दहशत व्याप्त है।

# प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह की पहल लाई रंग कांवेंट स्कूलों को मात दे रहे बेसिक के बच्चे

## सब पढ़े - सब बढ़े नारे को चरितार्थ कर रहा कसया का कंपोजिट विद्यालय

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।**



केंद्र और प्रदेश सरकार के सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढ़े - सब बढ़े नारे को चरितार्थ कर रहा है ब्लाक संसाधन केंद्र कसया के परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय। जहां बेहतर शिक्षण माहौल होने से विद्यालय की छात्र और छात्राएं कॉन्वेंट विद्यालयों की तरह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। खेल के साथ पढ़ाई का अच्छा माहौल होने से विद्यालय में अच्छी खासी संख्या है।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस विद्यालय में पर्याप्त कक्षा कक्ष, प्राकृतिक वातावरण विकसित किया गया है। निजी विद्यालयों की तरह ही स्मार्ट क्लासेज, कंप्यूटर शिक्षा, एलईडी टीवी आदि के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षण को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह जागरूक हैं। उनकी पहल रंग लाई और बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों को मात दे रहे हैं। सभी बच्चों को प्रोजेक्टर माध्यम से पढ़ाया जाता है। एक से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को सभी विषयों के साथ अंग्रेजी पढ़ाई जाती है। विद्यालय के प्राथमिक में 232 और पूर्व माध्यमिक में 230 बच्चे अध्ययनरत हैं। सरकार द्वारा बच्चों को मिड डे मिल, गणवेश, पाठ्य पुस्तक, स्टेशनरी आदि निःशुल्क रूप से दिया जाता है। विद्यालय में स्वच्छ पर्यावरण के लिए बागवानी को बढ़ावा देने के लिए बच्चों ने इको क्लब बनाया है, जिसके तहत बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए हैं। सामाजिक विषयों की समझ के लिए बच्चे मीना मंच के माध्यम से राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं और विभिन्न अवसरों पर शिक्षकों सहित एक दूसरे को सेलिब्रेट करते हैं। दिवालों पर शैक्षणिक भित्तिचित्र से बच्चे जहां पढ़ते हैं। निपुण भारत अभियान के तहत योगा क्लासेज, विज्ञान प्रयोगशाला, समर कैंप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चे गुरुजनों के निर्देशन में शिक्षा, खेल के क्षेत्र में नित सफलता अर्जित कर रहे है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को समय प्रबंधन, संस्कार, अनुशासन, नैतिक गुणों के साथ पढ़ने, लिखने और याद करने की सीख दी जाती है। वर्ष 2019 में मै इस विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक ज्वाइन किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मै इकलौता शिक्षक हू, दो अनुदेशकों और प्राइमरी के शिक्षकों के साथ पूरी शिक्षण व्यवस्था देख रहा हू। सबके मेहनत से अब बच्चों की संख्या दोगुनी हो गई है और बच्चों में मेधा शक्ति का निरंतर विकास हो रहा है। बता दें कि प्राइवेट विद्यालयों में नामांकन शुल्क, पंजीयन शुल्क, भारी भरकम मासिक शुल्क और अन्य शुल्क देना आम या गरीब लोगों के बूते की बात नहीं है। ऐसे में कसया का यह कंपोजिट विद्यालय कांवेंट स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा की अलख जगा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंह के इस शैक्षणिक प्रयास की लोग खूब सराहना कर रहे हैं।प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह के निर्देशन और शिक्षक दुर्गेश यादव एवं शिक्षिका रश्मि सिंह तोमर, निशु विश्वकर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं के देखरेख में बच्चों ने कई सफलताएं प्राप्त की हैं। आय आधारित छात्रवृति योग्यता परीक्षा में कु.निधि सफल हुई वहीं कुलदीप कुमार जनपद क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित दौड़ में प्रथम रहे। पिछले वर्ष दो छात्राएं नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुईं।

विद्यालय में अंग्रेजी, कंप्यूटर सहित विभिन्न विषयों को लेकर स्मार्ट क्लासेज संचालित करने को लेकर वर्ष 2023 में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह को सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि उचित शैक्षिक माहौल निर्माण और सब पढ़े सब पढ़े के संकल्प से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

# कनाडा, मैक्सिको के खिलाफ ट्रंप की शुल्क धमकी लागू होने व्यापार युद्ध शुरू

**- कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा**

**वाशिंगटन ।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको के विरुद्ध लंबे समय से दी जा रही शुल्क की धमकी अंततः मंगलवार को लागू हो गई, जिससे वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल मच गई। अमेरिका के उत्तरी अमेरिकी सहयोगियों द्वारा महंगी जवाबी कार्रवाई की संभावना पैदा हो गई है। सोमवार को आधी रात से ही कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कनाडा के ऊर्जा उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, फरवरी में ट्रंप ने चीन से आयात पर जो 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था, उसे दोगुना करके 20 प्रतिशत कर दिया गया है। जवाब में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश 21 दिनों के दौरान 100 अरब डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी सामानों पर शुल्क लगाएगा। मेक्सिको और चीन ने फिलहाल किसी जवाबी कार्रवाई के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों ने उच्च मुद्रास्फीति और विनाशकारी व्यापार युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया है, जबकि उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था कि आयात पर कर राष्ट्रीय समृद्धि का सबसे आसान रास्ता है। उन्होंने मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों की चेतावनियों को दरकिनार करने और अपनी खुद की सार्वजनिक स्वीकृति को दांव पर लगाने की इच्छा दिखाई है। उनका मानना है कि शुल्क देश की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा था, यह एक बहुत शक्तिशाली हथियार है जिसका राजनेताओं ने इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि वे या तो बेईमान थे, मूर्ख थे या उन्होंने किसी अन्य रूप में पैसे कमाए थे। कनाडा और मेक्सिको के शुल्क मूल रूप से फरवरी में शुरू होने वाले थे, लेकिन ट्रंप ने दो सबसे बड़े अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के साथ आगे बातचीत करने के लिए 30-दिवसीय निलंबन पर सहमति व्यक्त की। शुल्क का घोषित कारण ड्रग तस्करी और अवैध आव्रजन को संबोधित करना है, और दोनों देशों का कहना है कि उन्होंने इन मुद्दों पर प्रगति की है।

# भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के पांच मुख्य कारण

**नई दिल्ली ।**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच महीनों से लगातार गिरावट का सफर जारी है। इस गिरावट के पीछे आंकड़े के साथ खुला नहीं रहा है। बाजार के जानकारों के मुतो बिक पांच मुख्य कारणों की वजह से भारतीय शेयर बाजार गिरावट का सामना कर रहे हैं, जो इस प्रकार हैं-

1. ट्रंप, फेड और वैश्विक स्थिति- सितंबर के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए बाजार में सतर्कता बढ़ी। चुनाव के परिणाम से उत्पन्न अनिश्चितता ने बाजार को कमजोर किया है। इसके अलावा, ट्रंप की व्यापार नीतियों से ट्रेड वॉर की आशंका और फेडरल रिजर्व की नजर में मुद्रास्फीति की चिंता है।

2. अर्थव्यवस्था में सुस्ती- भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमा विकास का संकेत है, जिससे राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता बढ़ रही है। इसके साथ ही, निवेशकों का भरोसा घट रहा है जिससे बाजार में गिरावट की स्थिति बनी हुई है।

3. कमजोर कमाई, सुधार की उम्मीद नहीं- कंपनियों के नतीजे निराशाजनक हो रहे हैं और निवेशकों की उम्मीदें कमजोर हो रही हैं। इससे कंपनियों पर बाजार में दबाव बढ़ रहा है, जिससे बाजार को गिरावट का सामना करना पड़ रहा है।

4. एफआईआईएस की बिकवाली- विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालने की शुरुआत कर दी है, जिसकी वजह से बाजार में अवसाद दिख रहा है। इससे शेयरों का मूड कमजोर हो रहा है।

5. रुपये की कमजोरी- भारतीय रुपये की कमजोरी और विदेशी मुद्राओं के ताजगी के चलते रुपये में तेजी से गिरावट आई है, जिससे बाजार में और भी कमी आई है। इन प्रमुख कारणों के कारण भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इससे निवेशकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है जिससे उन्हें सतर्क रहने और सही समय पर निवेश के फैसले लेने की आवश्यकता है।


# ट्रंप के टैरिफ वॉर के कारण दुनिया भर के बाजार में कोहराम मचा

**मुंबई ।**

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, क्योंकि शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में बिकवाली दर्ज हुई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के कारण फैली अनिश्चितता वैश्विक व्यापार में बढ़ रही है। उन्होंने कहा, कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ और चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ (अब एडिशनल 10 प्रतिशत लगाया गया है) की धमकियां एक्शन में बदल रही हैं। ट्रंप द्वारा लगाए गए इन टैरिफ का जवाब अभी तक नहीं पता चल सका है। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ हाइक के जवाब में, कनाडा मंगलवार से 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। यह आने वाले 21 दिनों में 125 बिलियन कनाडाई डॉलर के एडिशनल अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाएगा।

बाजार जानकारों के अनुसार, निफ्टी को 22,000 पर तत्काल समर्थन मिला है, इससे पहले 21,850 और 21,600 स्तर पर समर्थन है, जबकि प्रतिरोध 22,500 और इसके बाद 22,600 और 22,800 स्तर पर है। 22,000 से नीचे का ब्रेकडाउन 21,800 की ओर बिक्री दबाव को बढ़ा सकता है, जबकि 22,500 से ऊपर की रिकवरी राहत रैली को ट्रिगर कर सकती है। सूचकांक अभी भी मंदी के दौर में है और ट्रेंड रिवर्सल के लिए निर्णायक ब्रेकआउट की जरूरत है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, इंफोसिस, टाटा स्टील, एमएंडएम और टाइटन टॉप लूजर्स रहे। जबकि, केवल आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई ही टॉप गेनर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में, डॉव जोन्स 1.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,191.24 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,849.72 पर और नैस्डैक 2.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,350.19 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में, केवल बैंकॉक हरे निशान में कारोबार कर रहा था। चीन, जापान, सोल, जकार्ता और हांगकांग लाल रंग में कारोबार कर रहे थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार आठवें दिन अपनी बिकवाली जारी रखी, क्योंकि वे 3 मार्च को 4,788.29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# छोटे उद्यम देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं: स्वामीनाथन



**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसमें उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के महत्व को बल दिया। उन्होंने व्यापक सहानुभूति के साथ समय पर देय ऋण की महत्वता पर चर्चा की और उन्होंने कहा कि छोटे उद्यम देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। स्वामीनाथन जे ने उद्यमों के संगठित ऋण समर्थन को मजबूत करने के लिए आईआरबीआई के पहलों की तारीफ की और डिजिटल माध्यमों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने स्थायी सलाहकार समिति की बैठक में एमएसएमई के कर्ज प्रवाह की समीक्षा की और ऋण प्रदान में सुधार करने के लिए उन्होंने डिजिटल समाधानों पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अनेक संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए और एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट, राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लि., भारतीय बैंक संघ, सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट और अन्य संगठनों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। डिप्टी गवर्नर के इस संवाद के माध्यम से, यह स्पष्ट हुआ कि आरबीआई उपेक्षित सेक्टरों और छोटे उद्यमों के समर्थन में सकारात्मक कदम उठाना चाहता है। उनकी अपील और आपके संदेश ने उद्यमों के भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# मस्क की स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं जल्द शुरू करेगी

**- लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अधिकांश प्रावधानों का पालन करने पर सहमत**




**नई दिल्ली ।**

भारतीय अंतरिक्ष नियामक से एलन मस्क की स्टारलिंक को जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावन जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कंपनी सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल व्यक्तिगत संचार लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अधिकांश प्रावधानों का पालन करने पर सहमत हो गई है, लेकिन सुरक्षा संबंधी कुछ आवश्यकताओं पर चर्चा जारी है। संभावना है कि आने वाले दिनों में सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर सहमति बन जाएगी। स्टारलिंक करीब 100 देशों में अपनी इंटरनेट की सेवाएं दे रही है। सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने जरूरी जानकारी जमा कर दी है। यह स्टारलिंक के लिए भारत में पहली नियामक मंजूरी होगी, जिसका लक्ष्य भारत में कॉमर्शियल ब्रॉडबैंड-फॉम-स्पेस सेवाएं शुरू करना है। कंपनी उपयोगकर्ता टर्मिनलों के स्थानांतरण और उससे जुड़े प्रावधान का पालन करने के लिए सहमत हो गई है। कंपनी भारत में अपना नेटवर्क नियंत्रण और निगरानी केंद्र बनाने पर भी सहमत है। स्टारलिंक इस बात पर भी सहमत है कि वह यह भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे के माध्यम से डेटा रूट नहीं करेगा। कंपनी का फिलहाल भारत के जमीनी सीमा वाले देशों में कोई गेटवे नहीं है, लेकिन कंपनी ने प्रतिबद्ध किया है कि भविष्य में जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे स्थापित करती है तो वह भारत से जुड़ा डेटा उनके माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। लेकिन, इस बार भी सुरक्षा के मोर्चों पर कई सारे प्वाइंट्स हैं, जिनको लेकर निरंतर चर्चा चल रही है। स्टारलिंक चाहती है कि भारत के साथ जल्द से जल्द सेवा शुरू करने वाले शर्तों पर आपसी सहमति बने, जिससे कि वह अपनी सेवा शुरू कर सके।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ ही 87.28 पर बंद हुआ वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में आज रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.38 पर खुला और फिर 87.40 पर आ गया जबकि सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 87.32 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 106.61 पर था। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के कारण बढ़ते व्यापार तनाव के बीच आई है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण जारी अनिश्चितता ने वित्तीय बाजारों में हड़कंप मचा है। इसके अलावा, शुल्क अराजकता ने अमेरिकी डॉलर सूचकांक में अस्थिरता और अनिश्चितता पैदा कर दी है।




## भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में कुल 1.65 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई


**मुंबई ।** भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (करीब14,418 करोड़ रुपये) की फंडिंग जुटाई है। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल फंडिंग 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है। फरवरी का आंकड़ा जनवरी में कुल फंडिंग 1.38 अरब डॉलर से 19.5 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। सालाना आधार पर, जुटाई गई कुल धनराशि फरवरी, 2024 में प्राप्त 2.06 अरब डॉलर से कम थी। बेंगलुरु में उद्यमियों ने 35.3 करोड़ डॉलर का फंड हासिल किया, जिसका औसत चरण आकार 20 लाख डॉलर था। मुंबई में कुल 10.2 करोड़ डॉलर की फंडिंग हुई, लेकिन औसत चरण आकार 50 लाख डॉलर रहा। फरवरी में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी ऑक्सीजो ने सबसे ज्यादा फंडिंग जुटाई, कंपनी ने पारंपरिक ऋण में 100 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद ऑनलाइन व्यापारिक मंच 'उड़ान' ने एमएंडजी पीएलसी की अगुआई में सीरीज जी इक्विटी फंडिंग चरण में 7.5 करोड़ डॉलर जुटाए।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 2025-26 में 6.5 प्रतिशत पर रह सकती

**नई दिल्ली ।**

भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत पर रह सकती है। साथ ही मानसून सीजन भी सामान्य रहेगा, जिसके कारण कमोडिटी की कीमतों में नरमी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में निजी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि, निवेश वृद्धि निजी पूंजीगत व्यय पर निर्भर करेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कृषि उत्पादन में सुधार और खाद्य महंगाई में कमी की उम्मीद के कारण निजी खपत में और सुधार की उम्मीद है। खाद्य महंगाई में नरमी से घरेलू बजट में विवेकाधीन खर्च के लिए जगह बनेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में इनकम टैक्स में बढ़ाई गई छूट से खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति में ढील देने से भी खपत को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में उम्मीद जाहिर की गई है कि आरबीआई वित्त वर्ष 2025-26 में रेपो रेट में 50-75 आधार अंक की कटौती कर सकता है। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देकर रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष की जीडीपी विकास दर 9.2 प्रतिशत से कम है। हालांकि, विकास दर वित्त वर्ष 2011 और 2020 के बीच महामारी से पहले के दशक के औसत 6.6 प्रतिशत के करीब बनी हुई है और इससे भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना टैग बरकरार रखने में मदद मिलेगी। चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जिससे चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत हो जाएगी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत से अधिक है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई। है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ प्लान से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा और विदेशी निवेशकों ने बाजार से अपना पैसा निकाल लिया। इससे भी बाजार पर भारी दबाव पड़ा।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 96.01 अंक करीब 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ ही 72,989.93 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 22 हजार के नीचे आ गया। कारोबार के दौरान यह 21,964.60 अंक के इंट्राडे लो तक चला गया था। अंत में यह 36.65 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी फिसलकर 22,082 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 2.7 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इन्फोसिस, मारुति, टाइटन, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी गिरे। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के शेयर 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर आकर बंद हुए। इसके अलावा जोमैटो, टीसीएस, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी उछले।दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की बाजारों से बिकवाली जारी रही। एफआईआई ने भारत में 4,788.29 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं जबकि डीआईआई ने 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में भी गिरावट रही। अमेरिका के ज्यादा शेयर बाजार बंद रहे। प्रमुख वॉल स्ट्रीट सूचकांक में एसएंडपी 500 में 1.76 फीसदी की गिरावट जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.48 फीसदी की गिरावट जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 2.64 फीसदी की गिरावट आई। वहीं एनवीडिया के शेयर 8 फीसदी से अधिक गिरे।

ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा से आयातित सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला भी लागू कर दिया है। इसके जवाब में, कनाडा और मेक्सिको ने भी जवाबी कदम उठाये हैं जिससे दुनिया भर में कारोबारी घमासान बढ़ने के संकेत मिले हैं। वहीं गत दिवस ट्रंप ने कहा था कि चीन से आयातित सामानों पर टैक्स को दोगुना कर कर दिया जाएगा। वहीं आज सुबह बाजारों की शुरुआत खराब रही। ट्रंप ने टैरिफ लगाने की अपनी योजना को फिर से दोहराया है। जिससे सुबह से ही बाजार नीचे आने लगा। सुबबह खुलते ही सेंसेक्स 72,633 अंक तक फिसल गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी कारोबार खुलते ही 22 हजार के नीचे फिसल गया। विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली का सिलसिला जारी है। सोमवार को एफआईआई ने भारत में 4,788.29 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं जबकि डीआईआई ने 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी मे तेजी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रणनी तिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में थोड़ी तेजी आई। ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार रणनीतिक रिजर्व कोष में विभिन्न प्रकार की डिजिटल परिसंपत्तियों को खरीदे और रखे। यह घोषणा ट्रंप के अस्थिर क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को अपने सार्वजनिक समर्थन के बैरोमीटर के रूप में उपयोग करने के बढ़ते प्रयासों को उजागर करती है। ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सरकार एक 'क्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व' बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें कम-ज्ञात क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो शामिल होंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट के साथ कहा कि उनके नियोजित रिजर्व में बिटकॉइन और ईथर भी शामिल होंगे। ये दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी हैं।इस घोषणा से क्रिप्टो की कीमतों में हाल ही में हुई बिकवाली के बाद थोड़ी तेजी देखने को मिली। पिछले सप्ताह 80,000 डॉलर से नीचे गिरने के बाद बिटकॉइन करीब 95,000 डॉलर तक पहुंच गया। रविवार को ट्रंप की घोषणा के बाद एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला।लेकिन सोमवार दोपहर तक कीमतें लगभग उसी स्तर पर आ गईं, जहां वे ट्रंप की घोषणा से पहले थीं। ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना की पुष्टि के बाद सोमवार को अमेरिकी शेयरों में भी तेज गिरावट आई।

# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से की 2.81 अरब डॉलर के मुआवजा की मांग

**आरआईएल का दावा ऐसी कोई देनदारी नही**

**मुंबई ।**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मुकेश अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसके कंसोर्टियम पार्टनर्स बीवी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको लिमिटेड से 2.81 अरब डॉलर के मुआवजा की मांग की है। यह विवाद ओएनसीजी के ब्लॉक्स से केजी-डी6 ब्लॉक में गैस माइग्रेशन से जुड़ा हुआ है। रिलायंस ने शेयर बाजार को यह सूचना दी। यह मामला लंबे समय से विवाद का विषय बना है, जिसमें केंद्र सरकार और कंपनियों के बीच कानूनी और वित्तीय दावों पर चर्चा जारी है। आरआईएल ने कहा, ÷पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएससी ठेकेदारों- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको लिमिटेड पर 2.81 अरब डॉलर की मांग उठाई है। यह दावा 2018 के एक मामले से जुड़ा है, जब भारत सरकार ने केजी-डी 6 कंसोर्टियम, जिसमें रिलायंस भी शामिल है, पर ओएनजीसी के निकटवर्ती ब्लॉकों से गैस माइग्रेशन के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया था।

शुरुआत में, पेट्रोलियम मंत्रालय ने कथित गैस माइग्रेशन के लिए करीब 1.55 अरब डॉलर का मुआवजा मांगा था। मामला कई कानूनी कार्यवाहियों में उलझ गया और अंततः दिल्ली हाईकोर्ट तक पहुंच गया। मई 2023 में, दिल्ली हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ ने केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक मध्यस्थता फैसले को चुनौती दी गई थी। इस फैसले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के पक्ष में निर्णय दिया गया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की, जिसके बाद 3 मार्च 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने पहले के फैसले को पलट दिया।

इस फैसले के बाद, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अब मांग बढ़ाकर 2.81 अरब डॉलर कर दी है। मंत्रालय ने नए कानूनी घटनाक्रम और गैस माइग्रेशन मामले के पुनर्मूल्यांकन को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। रिलायंस ने कहा कि कंपनी को कानूनी सलाह मिली है कि डिवीजन बेंच का फैसला और यह प्रोविजनल मांग अस्थिर है। कंपनी दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के फैसले को चुनौती देने के लिए कदम उठा रही है।

## पूर्व सेबी प्रमुख बुच, पांच अन्य पर एफआईआर के आदेश पर रोक

**मुंबई ।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने विशेष अदालत के उस आदेश पर चार सप्ताह तक के लिए रोक लगा दी, जिसमें सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत का एक मार्च का आदेश बिना विस्तृत जानकारी के और आरोपी की कोई विशेष भूमिका बताए बिना यंत्रवत् पारित किया गया था। इसे लिए उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है। उच्च न्यायालय का यह निर्णय बुच, सेबी के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों - अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय तथा बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन तथा जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल द्वारा दायर याचिकाओं पर आया। याचिकाओं में विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को 1994 में बीएसई में एक कंपनी को सूचीबद्ध करते समय धोखाधड़ी के कुछ आरोपों से संबंधित उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाओं में कहा गया है कि यह आदेश अवैध और मनमाना है।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी 159 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ेगी




नई दिल्ली । जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्जा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जो एक स्थायी बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस वृद्धि के साथ, कंपनी की कुल परिचालन पवन क्षमता 2,826 मेगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी 8.0 गीगावाट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का सक्रिय रूप से विस्तार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 से पहले 20 गीगावाट की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता हासिल करना है।

# दो दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे

**मुंगेर।** पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे आईजी पद से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को पहली बार मुंगेर पहुंचे हैं। बता दें कि वो दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे है। उन्होंने मंगलवार की सुबह जमालपुर के जुबलीवेल चौक से रन फॉर सेल्फ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने उनका साथ दिया। यह दौड़ का रूट जुबली बेल चौक से शुरू होकर सफिया बाद, छोटा मिजार्पुर, संदलपुर, कोणार्क मोड, कौडा मैदान और भगत सिंह चौक होते हुए मुंगेर के पोलो मैदान तक रहा। कुल 10 किलोमीटर की



इस दौड़ में लांडे रास्ते भर युवाओं से मिलते और बातचीत करते रहे।

मुंगेर में यह दौरा शिवदीप लांडे के लिए खास जगह है। बता दें कि उन्होंने यहीं से प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। मुंगेर सीमा में प्रवेश करते ही समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने अपने परिवार के साथ कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी किया। मुंगेर को अपनी कर्मभूमि बताया लांडे ने मुंगेर को अपनी कर्मभूमि बताया है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए रन फॉर सेल्फ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान वे युवाओं के साथ जमालपुर से मुंगेर तक की दौड़ में शामिल रहे। कहा कि वो अपने परिवार के साथ मुंगेर आए है क्योंकि उनका कर्म भूमि मुंगेर है और कैरियर की शुरूआत भी यही से किया है। वही जब मीडिया ने पूछा कि क्या अपने कैरियर को लेकर कुछ बड़ा ऐलान भी करना चाहते है तो उन्होंने कहा कि अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है वे अभी देख रहे की युवाओं कितना बदलाव को तैयार है । साथ ही जब मीडिया ने पूछा कि वे चुनाव में आयेंगे तो उन्होंने साफ इस बात से मना कर दिया। बिहार दिशा और दशा बदलने की ली शपथ युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 10 सालों में बिहार की दिशा और दशा बदलने की शपथ ली । वे बिहार में युवाओं के अंदर आग जगाने निकले हैं। वे बिहार के युवाओं की सोच जानने के लिए पूरे बिहार में ₹रन फॉर सेल्फ₹ के आयोजन की घोषणा भी की।उन्होंने देश निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने कहा कि यदि युवक फिट हैं, तो उनका परिवार फिट है ।यदि परिवार फिट है, तो समाज फिट है। यदि समाज फिट है ,तो देश फिट है।

## बिक्रमगंज में युवक की गोली मारकर हत्या

**रोहतास।** में मंगलवार की सुबह बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के करियवा बाल के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बरना गांव निवासी सिंहासन सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई। उसका शव उसके गांव से करीब 4 किमी दूर मिला है। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। घटनास्थल पर एसएफएल टीम को बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। घटना की सूचना पर पहुंचे बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि पुलिस मामले की हर दिशा से जांच कर रही है।



मृतक का शव उसके गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक का बड़ा भाई सेना में कार्यरत है। वह गांव में रहकर पैसों के लेन-देन का काम करता था। पुलिस को आशंका है कि हत्या का कारण आर्थिक लेन-देन से जुड़ा हो सकता है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राबड़ी बोलीं- बिना चोरी किए लालू जी को सजा हुई

**पटना।** बिहार विधान परिषद में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी गुस्से में नजर आईं। राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद के दौरान जदयू की ओर से भगवान सिंह कुशवाहा बोल रहे थे। इसी दौरान राबड़ी सत्ता पक्ष पर भड़क गई और कहा कि 'आप बीजेपी का साथ छोड़िए, हम आपके साथ आ जाएंगे।' जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने भी बोलना शुरू कर दिया, तो राबड़ी देवी ने सवाल किया कि भागलपुर का दंगा कब और किसके समय में हुआ था? नीरज कुमार ने जवाब दिया- 1989 में कांग्रेस की सरकार के समय। इस पर पूर्व सीएम ने कहा कि फिर आप लोग हर बात पर जंगलराज-जंगलराज क्यों कहते रहते हैं? आजादी के बाद जंगलराज नहीं था क्या? लालू



प्रसाद को आप लोग क्यों कोसते रहते हैं? जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार से राबड़ी देवी ने कहा कि 'हम लोगों ने आज तक चोरी नहीं किया है। न ही अब तक एऊ या ऊइक ने कोई चोरी पकड़ी है। बिना चोरी के लालू प्रसाद यादव को सजा हुई है।' 'पिछले दो दिन के अंदर पूरे परिवार को नोटिस भेजा गया है। हम कहीं भागने वाले नहीं हैं। बिहार हम लोगों का है और हम लोग बिहार में ही रहेंगे। पारिवारिक रिश्ता अलग चीज होती है, राजनीतिक अलग।' आरक्षण के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि 'फाइल उठाकर देख लीजिए पंचायती राज में आरक्षण का विरोध जेडीयू ने किया था। कहा था- पहले चुनाव होने दीजिए, इसके बाद आरक्षण लागू होगा। अब उल्टा चोर कोतवाल को डांट रहा है। सिर्फ आरजेडी में दोष निकाला जा रहा है।' जेडीयू के एमएलसी से राबड़ी ने कहा कि आप लोग दोनों तरफ मिठाई खाएंगे यह नहीं चलेगा। राबड़ी देवी ने कहा कि 'बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बेहाल है। मरीज मार रहे हैं। विभागों में लूट खसोट और घोटाला कायम है। बिना पैसा लिए किसी भी थाने में मामला दर्ज नहीं हो रहा है। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपए नहीं आ रहे हैं। राज्य में लड़कियों का अपहरण हो रहा है।' 'कुंभ मेले में मारे गए बिहार के लोगों का सर्वे सरकार करवाए और उन्हें मुआवजा दें। सत्ता पक्ष 15 साल को भुला नहीं पा रहा है, जबकि बिहार की जनता भूल चुकी है।'

## हर सीट को भाजपा का समझकर जिताइए

**पटना।** के बापू सभागार में मंगलवार को प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर BJP के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई। परिषद के प्रभारी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसका ऐलान किया। कार्यक्रम में 'बिहार है तैयार फिर से NDA सरकार' का नारा दिया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा- 'अगले 6 महीने में सभी कार्यकर्ता लगकर सभी सीट को भाजपा की सीट समझकर जिताने का काम करें।। 2025 में हम 200 प्लस सीटों के साथ NDA सरकार बनाएंगे।' BJP में न कोई पहला, न कोई आखिरी

डिप्टी CM विजय सिन्हा ने कहा- 'BJP दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी केवल संख्या से नहीं, बल्कि कार्यकताओं की ऊर्जा से है। BJP में न कोई पहला होता है



और न आखिरी। यहां पद नहीं, दायित्व मिलता है। पार्टी परिवारवाद से नहीं, कार्यकताओं से आगे बढ़ती है। BJP के कार्यकर्ता तुलसी के पत्ते की तरह हैं।'ह्ल कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी CM सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद हैं। इनके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के 15 हजार कार्यकर्ता शामिल हैं। पार्टी की ओर से जुलाई 2024 से ही दिलीप जायसवाल को अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद सम्राट चौधरी की जगह दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद औपचारिक संगठन चुनाव से पहले 27 फरवरी को दिलीप जायसवाल ने बिहार सरकार में राजस्व व भूमि सुधार विभाग के मंत्री पद से अपना इस्तीफा दिया था। दिलीप जायसवाल के प्रदेश अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया सोमवार से ही शुरू हो गई थी। उन्होंने पार्टी के चुनाव पदाधिकारी सह प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा के सामने प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। डिप्टी CM सम्राट चौधरी और

### बदमाशों ने फाइनेंस कर्मी को मारी गोली, गंभीर

**मधुबनी।** के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को गोली मार दी। घटना सोमवार रात मदना गांव के पास की है। घायल कर्मचारी की पहचान समस्तीपुर जिले के रिशु कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि फाइनेंस कंपनी के दो कर्मचारी मदना पंचायत से कैश कलेक्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों ने रिशु कुमार के पैर में गोली मार दी। घायल कर्मचारी को पहले प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया गया। अंधराठाढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। झंझारपुर डीएसपी भी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस हमले के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही अपराधियों की पहचान के लिए छानबीन में जुटी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**बांका।** के रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया। लेकिन प्रसव के आधे घंटे बाद उसकी हालत बिगड़ गई। बौसी थाना क्षेत्र के डांडे गांव की रहने वाली प्रमिला देवी अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने रजौन के चकसफिया गांव आई थीं। सोमवार रात करीब 10 बजे उन्हें प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उन्हें तुरंत रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद प्रमिला को प्रसव कक्ष में भर्ती किया। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद प्रमिला को रक्तस्राव होने लगा। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही प्रमिला की मौत हो गई। बच्ची सुरक्षित है। आक्रोशित



परिजन शव लेकर रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष रवि कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मृतिका की बहन राजो देवी ने बताया की जब मैं अपनी बहन प्रमिला देवी को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए तो उसे समय दर्द हो रहा था। मैंने नर्स से कहा की यहां नहीं हो पा रहा है तो हमें दूसरे डॉक्टर के पास भेज दीजिए।

## संक्षिप्त डायरी

### विवाहित प्रेमिका के डांस से प्रेमी नाराज, गला घोटकर हत्या



**गया।** में प्रेमी शिवा कुमार (30) ने शिवरात्रि के कार्यक्रम में डांस करने के कारण प्रेमिका विभा देवी (26) की गला घोंटकर हत्या कर दी। विभा शादीशुदा थी। विभा को डेढ़ साल की एक बच्ची भी है। घटना 1 मार्च की रात लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव की है। पुलिस ने महिला के प्रेमी शिवा ओर उसके देवर बबलू कुमार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, गया के लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव में शिवरात्रि के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विभा देवी अपने प्रेमी शिवा कुमार और देवर बबलू कुमार के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। वहां वो जमकर डांस कर रही थी। इसे लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर प्रेमी शिवा कुमार ने विवाहित प्रेमिका विभा देवी की गला घोटकर हत्या कर दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन में आई और जांच शुरू कर दी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर ही हत्या की आशंका जताई थी। दरअसल, घटना के बाद ससुरालवाले गांव छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस जांच में मामला प्रेम प्रसंग का निकला।रउढड अमित कुमार ने बताया कि लुटुआ थाने को 1 मार्च को सूचना मिली थी कि कोठिलवा गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमामगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस को छानबीन के दौरान जानकारी मिली कि विभा आखिरी बार शिवा और बबलू के साथ देखी गई थी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया, जिसके बाद पूछताछ में शिवा कुमार ने हत्या की बात कबूल ली। उसने बताया कि मृतका से उसका प्रेम प्रसंग था। शिवरात्रि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर उसने महिला की हत्या कर दी। SDPO ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। SDPO ने बताया कि पुलिस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और पारंपरिक तरीकों से 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों शिवा कुमार और बबलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। विभा की शादी 2022 में सतीश से हुई थी। शिवा अक्सर सतीश के घर आता था। शादी के कुछ ही दिन बाद से ही सतीश, विभा पर शक करने लगा था। गांव वालों का कहना है कि सतीश बीते कुछ महीने से प्रदेश में कमाने चला गया था। घटना से एक दिन पहले ही अपने घर लौटा था।

### 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद



**पूर्णिया।** में रास्ते के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामला, बायसी थाना क्षेत्र के शर्मा टोली गांव का है, जहां रास्ता न होने से 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद हो गए हैं। लोग पिछले 4 दशकों से निजी सड़क का इस्तेमाल कर अपने घरों तक आते जाते थे। हालांकि बाद में इस जमीन पर अपना दावा करते हुए एक समुदाय ने रास्ता बंद कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर लोगों ने DM से रास्ते का समाधान निकालने की गुहार लगाई है।12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद ग्रामीण पुष्पा देवी, सुधा देवी, बिंद लाल शर्मा, सुमन कुमार ने बताया कि वो लोग पिछले चार दशक से भी अधिक वक्त से बायसी के शर्मा टोली गांव में रह रहे हैं। उनके इलाके के चारों तरफ मुस्लिम बस्ती है। उनके गांव तक जाने के लिए एक मात्र रास्ता है। इस पर विशेष समुदाय ने अपना दावा करते हुए रास्ता बंद कर दिया। महज 12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद हो गया है। उनका कहना है कि उन लोगों ने जमीन मालिक को रास्ते के लिए एक लाख रुपए भी दिए थे, लेकिन बाद में समाज के बढ़ते दवाब के कारण जमीन मालिक ने पैसा लौटा दिए। अब हालात ऐसे हैं कि गांव तक जाने के लिए चारों तरफ से रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके कारण पिछले 6 महीने से उन्हें दूसरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वो अपने ही घर में बंद हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें कच्चे और खराब रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता है। रास्ता न होने के कारण गांव में किसी की शादी हो पा रही है। साथ ही गांव में किसी की तबीयत अचानक से बिगड़ने पर उन्हें सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। इतना ही नहीं विशेष समुदाय पक्ष के लोग उन्हें पूजा-पाठ करने से भी रोकते हैं और धार्मिक अवसरों पर लाउडस्पीकर तक बजाने से रोका जाता है। सोमवार को हिंदू समाज से जुड़े सभी ग्रामीण अपनी समस्याओं के साथ DM कुंदन कुमार से मुलाकात करने पहुंचे। आवेदन सौंप रास्ते का विवाद सुलझाने का आग्रह किया।

## भोजपुर में अवैध हथियार के साथ तीन गिरफ्तार



**भोजपुर।** जिले के अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने छापेमारी कर दो अवैध हथियारों समेत तीन बदमाशों को धर दबोचा। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी राज ने दी। इसे लेकर अलग-अलग थानों में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। शाहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बनाही रोड में छापेमारी कर अवैध हथियारों के साथ दो को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपितों में कृष्णागढ़ थाना के त्रिभुवानी सोहरा गांव निवासी गुलशन कुमार साह एवं शाहपुर थाना के बनाही गांव निवासी मनीष कुमार गुप्ता शामिल है। इस दौरान एक देसी पिस्टल,एक बाइक एवं दो मोबाइल जब्त किया गया है। दोनों रिश्ते में मामा-भांजे बताए जा रहे है। बनाही से शाहपुर की ओर जा रहे थे, तभी बनाही रोड में दोनों ही पकड़े गए। दूसरी ओर, उदवंतनगर थाना पुलिस ने रघुपुर गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपित रमेश सिंह रघुपुर गांव का निवासी है। एक देसी कट्टा व दो खोखा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित घर में अवैध हथियार रखा है। जिसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। घर से ही अवैध हथियार समेत धर दबोचा गया। अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार 257 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीवचंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी शाहपुर थानाक्षेत्र के बीरपुर गांव निवासी कमल कुमार है जिसके पास से एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को रविवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप बौलीपुर बगीचे मे उतारा गया है। तब जगदीशपुर थानाध्यक्ष विगाउ राम के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।

## पानी में क्लोराइड-आर्सेनिक, कैंसर पेशेंट सबसे ज्यादा

**बेगूसराय।** के पानी में आयरन, क्लोराइड और आर्सेनिक की मात्रा अधिक है। शहरी क्षेत्र के ग्राउंड वाटर में आयरन ज्यादा है। वहीं गंगा के क्षेत्र में आर्सेनिक, जबकि गंडक क्षेत्र के पानी में क्लोराइड की मात्रा तय मानक से काफी अधिक है। डीएम तुषार सिंगला ने जिले में पानी के गुणवत्ता की जांच कराई तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। जिले के अधिकतर हिस्सों की स्थिति यह है कि हैंडपंप का पानी पीने से कैंसर का खतरा सबसे अधिक है। यही वजह है कि बेगूसराय में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ बेगूसराय सदर अस्पताल में 60 से 80 कैंसर के मरीज प्रत्येक साल डिटेक्ट किए जा रहे हैं। जबकि इससे 10 गुना अधिक मरीज बिहार और देश के विभिन्न बड़े सरकारी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। मौत का आंकड़ा भी कम नहीं है। अब सरकार यहां कैंसर हॉस्पिटल खोलने जा रही है। कल यानी सोमवार को जब बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पेश किया तो, उन्होंने इसकी घोषणा की। पर्यावरणविद् की माने तो जिले में प्रदूषण इतना है कि सिगरेट नहीं पीने वाले भी लंग्स कैंसर के शिकार हो रहे हैं।बेगूसराय के कैंसर स्पेशलिस्ट सर्जन और नवलोक हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर नवनीत कुमार बताते हैं 'बेगूसराय मेडिकल हब है और यहां सिर्फ जिले के ही नहीं आसपास के कई जिलों से मरीज आते हैं। अगर यहां कैंसर अस्पताल बन जाता है तो आधे दर्जन से भी अधिक जिले के लोगों को फायदा होगा।' डॉक्टर नवनीत कुमार बताते हैं कि 'दूध को फटने से बचाने और बाहर से लाये गए मछलियों को सड़ने-दुर्गन्ध से बचाने के लिए फॉर्मेलिन का हो रहा प्रयोग कैंसर को जन्म देता है। पित्त की थैली के पत्थर से पीड़ित मरीजों में 0.3 प्रतिशत से 3 प्रतिशत में पित्त की थैली का कैंसर मिलता है।' 'इस कैंसर के 70 प्रतिशत मामले अंतिम अवस्था में पता चलता है और करीब 90 प्रतिशत मरीज की मौत रोग का पता चलने के एक साल के भीतर हो जाता है। ट्यूमर मार्कर 80 प्रतिशत मरीजों में बढ़ा हुआ मिलता है। पर्यावरणविद् बोले- गर्व नहीं बेगूसराय के लिए शर्म की बात बेगूसराय में कैंसर हॉस्पिटल बनने की बात पर पर्यावरणविद् शिवप्रकाश भारद्वाज कहते हैं कि 'ये गर्व




नहीं बल्कि बेगूसराय के लिए शर्म की बात है। कैंसर हॉस्पिटल खोलने से कैंसर रोगियों की संख्या कम जाएगी यह नहीं है। मैं नहीं मानता। इसका सबसे बड़ा कारण है कि हमने कावर झील की हत्या कर दी। बगीचे को उजाड़ दिया, विकास किया तो लाखों पेड़ काट दिए और फिर पेड़ लगा नहीं। यह कैंसर बढ़ने का डायरेक्ट इंपैक्ट है।' शिवप्रकाश भारद्वाज के मुताबिक, 'बेगूसराय में कहीं सांस लेने की जगह नहीं है, अभी भी देर नहीं हुआ है, हरियाली की व्यवस्था की जाए तो कैंसर की हालत सुधर सकती है। नहीं तो स्वास्थ्य विभाग और इंश्योरेंस का खर्चा रोज बढ़ता चला जाएगा। दिल्ली में सिगरेट नहीं पीने वाले भी 17 सिगरेट के बराबर प्रदूषण ग्रहण कर रहे हैं, वही स्थिति बेगूसराय की है तो लंग्स कैंसर क्यों नहीं होगा।' 'प्रदूषण बढ़ रहा है, बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रह चुका है, यह स्थिति सुधरी नहीं है। पॉलिसी मेकर शाम में 7:00 बजे के बाद बाजार को बंद करवा दें, नहीं तो कितना भी अस्पताल बनवा लें, प्रदूषण की स्थिति नहीं सुधरेगी। इमरजेंसी सर्विस को छोड़कर बाजार को 7:00 बजे के बाद बंद कर दिया जाए, हजारों AC चल रहे हैं, लाखों लाइट जल रहा है, उसके बिजली के लिए थर्मल पावर चाहिए। कोई ना कोई बड़ा कदम उठाना होगा।' बेगूसराय के 7 इलाकों का पान पीने लायक भी नहीं बचा भारत सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल मेंबर अमरेन्द्र कुमार अमर कहते हैं कि 'जिले में अंडर ग्राउंड वाटर में आयरन, फ्लोराइड, आर्सेनिक की बड़ी मात्रा के साथ बढ़ते विषैले पदार्थ के कारण कैंसर समेत दूसरी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। जो जिले में सर्वाधिक खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कहते हैं कि 'प्रधानमंत्री राहत कोष के तहत केंद्र सरकार की ओर से जानलेवा और लाइलाज बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जब कैंसर मरीजों का भयावह डेटा सामने आया, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है। डीएम तुषार सिंगला ने जिले के पानी की विस्तृत रिपोर्ट साझा की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बेगूसराय में कैंसर मरीजों की संख्या चिंताजनक है। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोलने का प्रावधान किया, जो एक ऐतिहासिक और सराहनीय निर्णय है। यह अस्पताल कैंसर मरीजों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आएगा। भारत में वर्तमान में करीब 35 लाख कैंसर के मरीज हैं। प्रत्येक साल लगभग 12-13 लाख कैंसर के नए मरीज सामने आ रहे हैं। जिसमें पांच से छह लाख की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में साल 2022 में कैंसर के कुल 14.1 लाख नए मामले सामने आए और कुल 9.1 लाख लोगों की मौत हुई।

कैंसर के 33 प्रतिशत मरीज इलाज, 33 प्रतिशत खानपान और 33 प्रतिशत सकारात्मक सोच तथा सकारात्मक वातावरण से ठीक हो सकते हैं। इसके अलावा, सकारात्मक सोच, अहिंसा, योग, नियमित कसरत, टीकाकरण, जीवनशैली में परिवर्तन, आध्यात्मिक लगाव, शारीरिक प्रतिरक्षा तंत्र की मजबूती, तम्बाकू को अलविदा, चबीर्दार खाना से परहेज, स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण का निर्माण कर कैंसर जैसे जानलेवा रोगों से बचा जा सकता है।




# कॅरियर में मददगार होंगे यह पॉइंट्स

**आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा?**

यह एक जांचा परखा तथ्य है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में ही सही फैसले लेकर उचित कॅरियर का चुनाव कर लिया, तो उसकी आगे की राह काफी आसान हो जाती है। कहते हैं दुनिया में हर व्यक्ति सफर करता है, किंतु मंजिल पर पहुंचते बहुत कम लोग हैं। आप कह सकते हैं कि सही मंजिल पर कैसे पहुंचा जाए, तो इसमें यही बात समझने योग्य है कि सही मंजिल पर पहुंचने के लिए मंजिल का चुनाव, उसकी पहचान जरूरी है।

## कॅरियर रुपी मंजिल का चुनाव कैसे करें?

क्या आप दसवी में हैं? या फिर आप 12वीं में अथवा ग्रेजुएशन कर चुके हैं? आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवी में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा? खासकर दसवीं के बाद आपको साइंस या आर्ट्स में से कोई एक स्ट्रीम चुननी होती है। इसी तरह से अगर आप 12वीं में हैं तो आप साइंस में भी मैथ्स या बायो लेकर चलना होता है अथवा आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम को लेकर पढ़ाई करना होता है। वस्तुत: यहां से कॅरियर एक दिशा ले लेता है कि आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में जाना चाहते हैं या फिर एनडीए अथवा दूसरे कोर्स की तैयारी करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन में तो आपकी समझ पूरी तरह से खुल चुकी होती है और आपको पूरी तरह से पता होता कि हकीकत में करना क्या है। बस कई लक्ष्यों के बीच में खुद को कंफ्यूज ना करें, क्योंकि कन्फ्यूजन आपको आपकी मंजिल से दूर कर देगा। ध्यान रखना चाहिए कि भेड़ चाल से बचना कैसे है और अपने लक्ष्य को पूरी तरह से अपने मन मस्तिष्क के अनुसार चुनना चाहिए। जब आप मंजिल को ठीक से पहचान लेते हैं तब आपका काम काफी आसान हो जाता है।

## जुट जाएँ मंजिल तक पहुंचने में

जब एक बार मंजिल की पहचान हो जाती है, फिर आप तब तक ना रूकें, जब तक मंजिल पर पहुंच ना जाएँ। ध्यान रखें, डॉक्टर अब्दुल कलाम कहते हैं कि बैठे रहने वालों को वही मिलता है जो कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। अगर अपनी मंजिल को आपने पहचान लिया है तो आपको तेजी से और मजबूत कदमों से उस और बढ़ने की आवश्यकता होती है। इसके लिए न केवल ट्रेडिशनल कोर्सेज करें, बल्कि ऑनलाइन की दुनिया से अपने आपको लगातार अपडेट करें। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है कि आपने किसी यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्स में प्रवेश ले लिया है, बल्कि अपनी स्किल को निखारने के लिए आपको ऑनलाइन एजुकेशन, कोर्सेज के माध्यम से तमाम स्किल विकसित करनी होगी। इसके लिए कई फ्री तो कई पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिसे आप अपनी रूचि के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे इंपोर्टेंट है खुद को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। हालांकि रेगुलर पढ़ाई की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता और इसके लिए आपको बेहतर से बेहतर संस्थान का चुनाव करना चाहिए और उसके प्लेसमेंट रिकॉर्ड को भी अपनी नजर में रखना चाहिए।

## इनोवेशन को अहमियत दें

जापान के बारे में हम आप बचपन से सुनते आए हैं कि वहां बच्चे पढ़ाई के दिनों से ही प्रायोगिक चीजों में रूचि लेने लगते हैं और दसवीं तक आते आते तो घड़ी, दूसरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इत्यादि विकसित करने लगते हैं। भारत में अभी इस तरह का माहौल पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है, किंतु एक सच यह भी है कि भारत में ही कई सारे छोटे बच्चे कोडिंग के माध्यम से तमाम प्रोग्राम लिखते हैं, तो कई अपनी क्रिएटिव थॉट से वीडियो एडिटिंग, फोटोग्राफी, राइटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे कई यूट्यूब चैनल आप देखते ही होंगे, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने कितना कमाल किया है। तो आप भी अपने स्तर पर कुछ इनोवेटिव कर सकते हैं। इसकी अपॉर्चुनिटी ढूंढें और हां इसका इंतजार ना करें कि अब अमुक पढ़ाई करने के बाद आपको नौकरी मिलेगी तो आप अपने कॅरियर को सेट करेंगे। इसकी बजाय पढ़ाई के कोर्सेज के दौरान ही आप खुद को स्टेबल करने की कोशिश करें। आप एक एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट के साथ काम करेंगे, तो भविष्य में आपके लिए यह काफी अच्छा रहेगा। आप जॉब करें या फिर अपना बिजनेस करें, एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट से आप खुद को सफल इंसान बनाने की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

## भटकाव से बचें

आज के समय में तमाम एक्सपर्ट और रिसर्च इस बात के प्रति जागरूक करते हैं कि ऑनलाइन दुनिया में आपका समय बहुत खराब होता है। छोटे-छोटे बच्चे यूट्यूब और दूसरी ऑनलाइन साइट्स पर, गेम्स पर अपने जीवन का कीमती समय नष्ट करते हैं। यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है और जो इंटरनेट अच्छी जानकारियों का सोर्स हो सकता है, उसे वह समय नुकसान करने का माध्यम बना लेते हैं। ना केवल बच्चे, बल्कि युवा भी इस पर अपना अच्छा खासा समय बर्बाद करते हैं, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज के समय में समय बर्बाद करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी इंटरनेट ही बन गया है। इसके लिए आप अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे तो आपका कॅरियर सही दिशा में अवश्य ही आगे बढ़ेगा। पहले समय पास करने का काम नालायक दोस्त किया करते थे, लेकिन कइयों की लाइफ में अब यह स्थान इंटरनेट में ले लिया है। हालाँकि, कई लोग इंटरनेट को 'सच्चा दोस्त' बनाकर अपनी जिन्दगी में बड़े बड़े मुकाम इसी की सहायता से प्राप्त कर रहे हैं, इसीलिए इस के सकारात्मक पक्ष पर फोकस करें और भटकाव से बचने के लिए इंटरनेट पर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

### रिव्यू और इम्प्रूवमेंट करना जरूरी है

अपनी यात्रा और अपनी अब तक की जिंदगी का रिव्यू अवश्य करें। अब तक आपने क्या किया है। अब तक कौन से अच्छे कार्य किए हैं, कौन सी छोटी गलतियां की हैं, तो कौन सी बड़ी मिस्टेक्स की हैं, इसका विचार करें। जितना अधिक आप खुद की एनालिसिस करेंगे, सार्थक दिशा में बढ़ने की संभावना भी उतनी ही अधिक बढ़ेगी। सच कहा जाए तो रिव्यू करना किसी परीक्षा की तरह होता है, जो एक परीक्षार्थी को बतलाता है कि उसका जीवन किस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जैसे आज की दुनिया में किसी प्रोडक्ट का रिव्यू किया जाता है, वैसे ही खुद का रिव्यू करने से ना चूकिए। कैरियर चूज करने में, प्रोफेशनल लाइफ में, पर्सनल लाइफ में, सोशल रिलेशंस में, फैमिली रिलेशंस में आप किस ढंग से चलते हैं, इस पर सार्थक मन से अवश्य विचार करें और जो भी आपकी उलझन होती है उन उलझनों को खुद सुलझाने की कोशिश करें। अगर किसी मोड़ पर आपको लगता है कि कॅरियर चुनने में कोई गलती हुई है तो रिव्यु से वह पकड़ में आ जाएगी। पुराने गलत निर्णय को झेलने की बजाय, ठोस आधार होने पर, अपने निर्णय में समय रहते तब्दीली लाई जा सकती है।





# ब्लॉकचेन डेवलपर कैसे बनें, जानिये इसके प्रकार भूमिकाएं और कौशल

**ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है।**

## ब्लॉकचेन क्या होता है?

ब्लॉकचेन एक विकेन्द्रीकृत डिजिटल लेजर होता है जो दुनिया भर के हजारों कंप्यूटरों पर लेनदेन को सेव करता है। ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है। ब्लॉकचेन के परिणामस्वरूप हजारों नई नौकरी की स्थिति और मोबाइल भुगतान समाधान से लेकर स्वास्थ्य देखभाल अनुप्रयोगों तक के नए स्टार्टअप का विकास हुआ है। वास्तव में ब्लॉकचैन आईटी दुनिया के वर्तमान परिदृश्य में शीर्ष उभरते प्रौद्योगिकी डोमेन में से एक है। ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का वैश्विक बाजार वर्ष 2025 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सैमसंग, आईबीएम, कैपजेमिनी जैसे विभिन्न आईटी जायंट हैं जो ब्लॉकचैन पेशेवरों के लिए शानदार कैरियर के अवसर प्रदान कर रही हैं और आप एक सार्थक और सफल कॅरियर बनाने के लिए ब्लॉकचेन डेवलपर बनने पर विचार कर सकते हैं।

## ब्लॉकचेन डेवलपर कौन होता है?

ब्लॉकचेन डेवलपर्स वे तकनीकी पेशेवर होते हैं जो ब्लॉकचेन तकनीक पर काम करते हैं और संबंधित कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं, जैसे कि ब्लॉकचेन प्रोटोकॉल को डिजाइन करना, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट बनाना आदि। एक ब्लॉकचेन डेवलपर के पास ब्लॉकचेन के साथ-साथ ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर और प्रोटोकॉल के आधार पर स्मार्ट अनुबंधों को विकसित और अनुकूलित करने के लिए ज्ञान और कौशल का एक सेट होता है। वे 3डी मॉडलिंग, 3डी डिजाइन, 3डी सामग्री विकास को भी डील करते हैं जैसे कि गेम डेवलपमेंट में होता है। ब्लॉकचैन डेवलपर्स को मुख्य रूप से दो प्रकारों में बांटा जा सकता है - ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर और कोर ब्लॉकचेन डेवलपर।

## ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स

ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स कोर डेवलपर द्वारा योजना के अनुसार डिजाइन का विकास और कार्यान्वयन करते हैं, जैसे -

- वे डीएपी विकसित करते हैं।
- वे कोर डेवलपर्स द्वारा डिजाइन के अनुसार स्मार्ट अनुबंध लागू करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि डीएपी योजना के अनुसार चले।
- अन्य सेवाओं और ऐप्स के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण पर रिसर्च और देखभाल।

## कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स

कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स आर्किटेक्चर के विकास और अनुकूलन के लिए जिम्मेदार होते हैं। डेवलपर ब्लॉकचेन समाधान का समर्थन करने वाले प्रोटोकॉल को डिजाइन, विकसित और अनुकूलित करता है। एक अच्छा उदाहरण कंसेंसस प्रोटोकॉल है जो परिभाषित करता है कि ब्लॉकचेन और संसाधनों का उपयोग करने वाले सदस्य कैसे इन संसाधनों को साझा करने और उपयोग करने पर सहमत होते हैं।

- कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स ब्लॉकचेन की कार्यक्षमता और विशेषताओं को लागू करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे इच्छित कार्य करें।
- वे नेटवर्क की सुरक्षा को डिजाइन और कार्यान्वित करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि नेटवर्क चालू है।
- वे अन्य सेवाओं के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं।
- वे एक ब्लॉकचेन नेटवर्क की सुविधाओं और कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बनाते हैं।

## आवश्यक तकनीकी कौशल

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके पास कंप्यूटर साइंस / इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में ऐकडेमिक बैकग्राउंड चाहिए। आप किसी विशेष स्ट्रीम में स्नातक या मास्टर डिग्री हासिल करने का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि ब्लॉकचेन डेवलपर बनने के लिए किसी विशिष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह आपको बुनियादी बातों को समझने में मदद करेगा और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी को प्रभावी ढंग से सीखने के लिए आपकी फाउंडेशन रखेगा। डिग्री प्रोग्राम्स के अलावा आप विशेष तकनीक में अधिक अनुभव प्राप्त करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकल्प चुन सकते हैं। ब्लॉकचेन प्रोफेशनल बनने का कॅरियर इतना आसान नहीं होता है, इसके लिए आपको बहुत डेडिकेशन, कड़ी मेहनत और कंसिस्टेंसी की आवश्यकता होती है। लेकिन आज ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के तेजी से विकास को देखते हुए ब्लॉकचेन डेवलपर्स के कॅरियर का दायरा बहुत ही शानदार और उज्ज्वल होता जा रहा है।

### प्रमुख स्किल्स

#### ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर को समझना

यह समझना सुनिश्चित करें कि ब्लॉकचेन क्या है, जैसे कि उन्नत ब्लॉकचेन सुरक्षा, ब्लॉकचेन एप्लिकेशन, ब्लॉकचेन एकीकरण और ब्लॉकचेन के फायदे और सीमाएं और साथ ही इनकी चुनौतियां। ब्लॉकचेन डेवलपर्स को ब्लॉकचेन सर्वसम्मति, हैश फंक्शन और वितरित लेजर तकनीक को समझने की आवश्यकता होती है। व्हाइट पेपर ब्लॉकचेन की वास्तुकला और कार्यप्रणाली को परिभाषित करता है। उन्हें विभिन्न ब्लॉकचेन और उनके कामकाज को समझने की जरूरत होती है जिनमें एथेरियम, बिटकॉइन, नियो और हाइपरलेगर सबसे महत्वपूर्ण हैं।

#### डेटा स्ट्रक्चर और डेटाबेस

एक डेवलपर को ब्लॉकचेन नेटवर्क को आवश्यकता के अनुसार उचित रूप से कॉन्फिगर करना चाहिए और इसलिए टारगेट नेटवर्क के लिए विभिन्न और इस प्रकार सर्वश्रेष्ठ डेटाबेस और डेटा संरचनाओं को समझना चाहिए।

#### स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट

एक डेवलपर को स्मार्ट अनुबंधों के प्रकार और उन्हें विकसित करने के तरीके को समझना चाहिए।

#### विकेंद्रीकरण को समझना

जैसा कि ब्लॉकचेन और विकेंद्रीकृत अनुप्रयोगों में लागू होता है। इन डीएपी को विभिन्न प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं का उपयोग करके विभिन्न ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर बनाया जा सकता है।

#### क्रिप्टोग्राफी को समझना

क्रिप्टोग्राफी और डिजिटल लेजर ब्लॉकचेन के कामकाज का आधार होते हैं। डेवलपर को यह समझना चाहिए कि क्रिप्टोग्राफी क्या होती है, क्रिप्टोग्राफी में लागू होने वाले एल्गोरिदम और कौन से एल्गोरिदम किस प्रकार के ब्लॉकचेन नेटवर्क के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि ये एल्गोरिदम कैसे विकसित किए जाते हैं।

#### क्रिप्टोनॉमिक्स को समझना

यह समझना जरूरी है कि क्रिप्टोकरेंसी में ब्लॉकचेन पर कैसे कोडित किया जाता है। ब्लॉकचेन डेवलपर प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम गेम थ्योरी, मॉडलिंग क्रिप्टोनॉमिक्स के लिए गणितीय ढांचे और मॉडलिंग में शामिल मुश्किलों को सिखा सकते हैं। उन्हें यह भी समझना चाहिए कि क्रिप्टोनॉमिक्स और संबंधित मौद्रिक नीतियों को प्रभावित करने वाले फैक्टर्स कौन कौन से हैं।

#### कंप्यूटर कोडिंग

कंप्यूटर प्रोग्रामिंग किसी भी उन्नत और प्रभावी विकेन्द्रीकृत ऐप या डीएपी के विकास के लिए आवश्यक होता है, हालांकि कुछ मामलों में आप इस कौशल के बिना शुरुआती डीएपी विकसित करने में सक्षम हो सकते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपर्स प्रोग्रामिंग लैंग्वेज या कोडिंग सीखकर इसे शुरू करते हैं और फिर ब्लॉकचेन विकास में विशेषज्ञता के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपमेंट के लिए मेनस्ट्रीम की प्रोग्रामिंग या कोडिंग भाषाओं की आवश्यकता होती है, लेकिन कुछ ब्लॉकचेन जैसे एरेम को एक विशिष्ट कोडिंग भाषा में ज्ञान की आवश्यकता होती है जिस पर वे कुछ भी डेवेलप करने के लिए आधारित होते हैं।





# कैसे बनें वॉयस ओवरआर्टिस्ट

**वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है।**

क्या आपकी आवाज मधुर और प्रभावशाली है? क्या आपको अपनी आवाज से प्यार है? यदि हाँ, तो आप नि:सन्देह वॉयस-ओवर फील्ड में अपना कॅरियर आजमा सकते हैं और वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट होकर कुछ बड़ा पैसा कमाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आइये इसके बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते हैं।

## वॉयस-ओवर क्या है?

वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है। वॉयस-ओवर प्राय: किसी मौजूदा संवाद के अलावा जोड़ा जाता है। यह पेशेवर ऑडियो के एक भाग के रूप में आवाज प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह गेमिंग, वीडियो, कार्टून, विज्ञापनों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है। तकनीकी रूप से कहा जाए तो वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट की मुख्य जिम्मेदारी लिखित शब्द को ऑडियो या वॉइस में बदलना है। इसके लिए बोलने और संवाद की कला प्रमुख है।

## वॉयस-ओवर आर्टिस्ट कौन होते हैं?

हम पूरे दिन आवाजें सुनते हैं, चाहे वह मेट्रो रेल घोषणाएं हों, विज्ञापन अभियान हो या रेडियो सुन रहे हों या फिर फोन पर हेल्पलाइन पर कॉल करते समय हो। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि ये शांत और सुरीली आवाज किसकी है? वे वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड फिल्मों, वृत्तचित्रों और टेलीविजन शो के लिए आवाज प्रदान करते हैं और टेलीविजन और रेडियो विज्ञापनों में वॉयस-ओवर करते हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड पात्रों के लिए आवाजें प्रदान करते हैं, जिनमें फीचर फिल्में, टेलीविजन कार्यक्रम, एनिमेटेड लघु फिल्में और वीडियो गेम शामिल हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अपने दैनिक जीवन में एक बदलाव लाने के लिए अपनी मेहनत और प्रयास इन आवाजों को दर्ज करने के लिए करते हैं। जिस डिजिटल समय में हम रहते हैं, उसमें वॉयस-ओवर कलाकारों का महत्व और प्रभुत्व बढ़ रहा है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि आजकल वॉइस-ओवर-कलाकार के रूप में कॅरियर को युवाओं के लिए एक शानदार विकल्प माना जाता है।

सामान्यतया, वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए अच्छी आवाज ही एकमात्र पात्रता मानदंड होता है। हालांकि, यह बहुत आसान लग सकता है, लेकिन जब यह वास्तव में एक वीडियो या एक चरित्र के लिए वॉइस-ओवर करने की बात आती है, तो कई चीजें हैं जो सामने आती हैं। लेकिन, मुख्य रूप से एक अच्छी आवाज और विभिन्न प्रकार के वॉयस मॉड्यूलेशन पर नियंत्रण वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए प्राथमिक आवश्यकताएं होती हैं। साथ ही साथ आपको भाषा और व्याकरण का अच्छा ज्ञान होना चाहिए और उच्चारण पर उचित नियंत्रण। इसके लिए आप कुछ अभिनय पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, जहाँ से आपको एक अभिनय की डिग्री प्राप्त हो सके, क्योंकि वॉइस-ओवर काम का एक बड़ा हिस्सा अनिवार्य रूप से अभिनय कार्य ही है।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट बनने के लिए टॉप कॉलेज और पाठ्यक्रम

नए जमाने के कॅरियर विकल्प के रूप में, जो अब भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है, कोई स्थापित कॉलेज तो नहीं हैं जो वॉइस-ओवर-कलाकारों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में कई निजी संस्थानों ने वॉइस-कोचिंग पाठ्यक्रम पेश करना शुरू कर दिया है, जो छात्रों को मूल बातें सीखने में मदद करते हैं। उनमें से कुछ हैं:

- इंडियन वॉयस ओवर, मुंबई
- फिलमिट अकादमी, मुंबई
- वॉयस बाजार, मुंबई

इसके अलावा, कई स्थापित वॉयस-ओवर-कलाकारों ने भी इसके लिए अपने स्वयं के ट्रेनिंग क्लासेज शुरू किए हैं। आप गूगल सर्च के द्वारा अपने इलाके में ऐसे संस्थानों की पहचान कर सकते हैं।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट के लिए सबसे लोकप्रिय कॅरियर

विकास क्षमता और विभिन्न पहलुओं को देखते हुए, आजकल हम देख रहे हैं कि मनोरंजन, विज्ञापन, कॉर्पोरेट, ई-लर्निंग, एनीमेशन, प्रशिक्षण, विपणन, शिक्षा, रेडियो और अन्य कार्यक्षेत्रों में आत्मविश्वास से भरी और समृद्ध आवाजों के साथ वॉयस-ओवर कलाकारों की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्नत प्रौद्योगिकी ने वीडियोगेम, ऐप, जीपीएस, टेक्स्ट टू स्पीच, इंटरनेट जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग को और अधिक बढ़ा दिया है। अपेक्षाकृत अज्ञात कॅरियर विकल्प होने के बावजूद, वॉयस-ओवर-कलाकारों को दी जाने वाली भूमिकाएं और जिम्मेदारियां भिन्न भिन्न हैं। यह वीडियो के लिए बुनियादी वॉइस-ओवर गतिविधियों से शुरू होता है या रेडियो जिंगल्स के लिए आपकी आवाज की पेशकश करता है। एक बार सफल और स्थापित होने के बाद आप फिल्मों और टीवी शो या कार्टून शो के लिए डबिंग जैसे उच्च मूल्य वाले प्रोजेक्ट भी ले सकते हैं। एक पेशेवर कॅरियर विकल्प होने के नाते वॉयस-ओवर कलाकार बाजार में एक सम्मानजनक पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं। अपेक्षाकृत नया डोमेन और एक छोटा उद्योग होने के नाते, गुणवत्ता वाले वॉयस-ओवर-कलाकारों की मांग बहुत अच्छी है और इसलिए भुगतान भी काफी अच्छा है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में आज होगा दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड मुकाबला



**लाहौर (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इस मैच में दोनों ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम जहां ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत के कारण बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं न्यूजीलैंड को अंतिम लीग में भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह उबरना चाहेगी। दोनों की टीम जीत की प्रबल दावेदार हैं। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत दर्ज कर उस धारणा को तोड़ना चाहेगी जिसमें कहा जाता है कि बड़े आईसीसी मुकाबलों के दौरान वह दबाव में बिखर जाती है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने साल 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पर तब इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था। न्यूजीलैंड की टीम एकदिवसीय विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब जीतने से रह गयी थी, इसलिए इस बार वह गलती नहीं करना चाहेगी। इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में दूसरे पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में नंबर एक पर रही है। दोनों टीमों के बीच कोई अधिक अंतर नहीं है हालांकि गेंदबाजी में दक्षिण अफ्रीकी टीम कुछ बेहतर नजर आ रही है।

दोनों टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। इस मैच में स्पिनरों के अहम भूमिका निभाने की संभावना है क्योंकि गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी है। ऐसे में स्पिनर अंतर पैदा कर सकते हैं।

न्यूजीलैंड ने पिछले माह यहां हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को हराया था जिससे वह प्रेरित होना चाहेगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। कीवी टीम के अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होगी।

उन्होंने हालांकि कहा, 'जिस दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसए20 में खेल रहे थे, इसलिए इस बार मुकाबला अलग होगा। मेरा अनुमान है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के अपने पिछले अनुभव का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और पूरी कोशिश करेंगे। हम सेमीफाइनल की चुनौती का इंतजार कर रहे हैं। हमारा रवैया हमेशा एक जैसा ही रहता है। हम अपनी तरह का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी का प्रयास करेंगे। गेंदबाजी में टीम के पास मैट हेनरी और विल ओराउरकी जैसे खिलाड़ी हैं। हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर सबसे अधिक आठ विकेट लिए थे। कीवी टीम के पास कप्तान मिशेल सेंटनर के अलावा माइकल ब्रेसवेल, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन जैसे बेहतरीन स्पिनर भी हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका भी अच्छे फॉर्म में है। उसने अपनी सबसे अच्छी टीम उतारी है। उसके बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने अब तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के पास कप्तान तेम्बा बावुमा, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मारक्रम जैसे खिलाड़ी भी हैं। इसके अलावा वियान मुल्डर, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन जैसे तेज गेंदबाज उसके ताकत बढ़ाते हैं। स्पिन की जिम्मेदारी केशव महाराज और तबरेज शम्सी के पास रहेगी।

**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, विल ओरउरकी, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

# सचिन ने जंगल सफारी की तस्वीरें साझा कर वनों को बचाने का संदेश दिया



**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का जंगल सफारी का एक वीडियो सोशल मीडिया में आया है। इसमें सचिन काफी खुश नजर आ रहे हैं। सचिन प्रकृति प्रेमी होने के कारण जंगलों की सैर से आनंद का अनुभव करते हैं। सचिन वाइल्डलाइफ डे के अवसर पर सोमवार को जंगल सफारी पर गये थे। इसी की तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने एक खास संदेश भी दिया। उनकी इस तस्वीर में एक बाघ भी नजर आ रहा है। सचिन ने फेसबुक पर किए पोस्ट में लिखा,÷ जंगल में कोई वाई-फाई नहीं है, फिर भी यह आपको हर उस चीज से जोड़ता है जो वाकई मायने रखती है। इसकी हर यात्रा एक अनूठा अनुभव रही है जो प्रकृति के चमत्कारों को अपने तरीके से सामने लाती है। आइए हम अपने जंगली खजानों को बचाये रखें।÷

उनका संदेश न केवल प्रकृति की सुंदरता को सराहने की प्रेरणा देता है, बल्कि इसके संरक्षण की भी अपील करता है। जंगल और वन्यजीव हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं पर तेजी से हो रहे शहरीकरण और इंसानी दखल के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर खतरा बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि सचिन संन्यास के बाद से ही कई एनजीओ से भी जुड़े हुए हैं और समाज की भलाई में लगी संस्थाओं की सहायता करते हैं। उनका एक एनजीओ बच्चों यानी गरीब बच्चों की सहायता करता है। सचिन ने अपने करियर में भारतीय टीम की ओर से 200 टेस्ट, 463 एकदिवसीय और एक टी20 मैच खेलकर। 15921, 18426 और 10 रन बनाए हैं। तीनों ही प्रारुपों को मिलाकर सचिन ने अब तक कुल 100 शतक लगाये हैं।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला : डिविलियर्स

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। लीग मुकाबलों के बाद चार टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंची हैं। भारतीय टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। डिविलियर्स ने भविष्यवाणी की है कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ही फाइनल खेला जाएगा। डिविलियर्स ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनलिस्ट बताना संभव नहीं है पर मेरी अंतरात्मा कहती है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप फाइनल की तरह ही यहां भी मुकाबला करेंगी। इंग्लैंड के खिलाफ जीत से दक्षिण अफ्रीका का मनोबल बढ़ा है।'

डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे अफ्रीकी टीम का लुक पसंद है। मार्को जेनसन शानदार फॉर्म में हैं, क्लासेन जैसे खिलाड़ी फॉर्म में हैं। रासी वैन डेर डुसेन, केशव महाराज सभी। मुझे लगता है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल बेहद रोमांचक होगा हालांकि आप निश्चित रूप से न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की उपेक्षा नहीं कर सकते। ये दो भी उतनी ही मजबूत टीमें हैं। विशेषकर जब आईसीसी ट्रॉफी की बात आती है। तो भारतीय टीम इंडिया ने पिछले साल बारबाडोस के केंसिंग्टन में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता था।

# पूर्व पाक क्रिकेटर ने भारतीय टीम को दी चुनौती, बेहतर है तो खेलें 10-10 मुकाबले

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहित उसके दिग्गज क्रिकेटर भारतीय टीम को पाक दौरे पर भेजने का लगातार अनुरोध करते रहे है पर भारतीय बोर्ड सुरक्षा कारणों से उसे ठुकराता रहा है। पीसीबी ने आईसीसी के जरिये भी भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया था पर जब आईसीसी ने मना कर दिया तो पाक के पूर्व क्रिकेटर घटिया स्तर पर उतर आये हैं। इस कड़ी में पाक के पूर्व स्पिन गेंदबाज सकलेन मुश्ताक ने भारतीय टीम को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय टीम वास्तव में हमसे बेहतर टीम है तो पाकिस्तान के साथ 10 टेस्ट, 10 एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलकर दिखाये। सकलेन ने ये बात पाकिस्तानी मीडिया में कही।



इस दौरान वहां पूर्व क्रिकेटर इंजमाम-उल-हक भी उपस्थित थे। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंदिता पर कई पूर्व दिग्गजों ने सवाल उठाते हुए कहा कि ये अब पहले की तरह रोमांचक नहीं रही क्योंकि अब मुकाबले एकतरफ हो रहे हैं क्योंकि पाक टीम काफी कमजोर हो गयी है। हाल के मैचों में भारत का प्रदर्शन पाकिस्तान से कहीं बेहतर रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारत ने पाकिस्तान को आसाने से हरा दिया था।

वहीं सकलेन इस बात से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर हम राजनीतिक बातों को छोड़ दें तो उनके खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं और वे अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। सकलेन ने साथ ही कहा, अगर आप सच में एक अच्छी टीम हैं, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक सीरीज खेलें तब सब कुछ साफ हो जाएगा। सकलेन का मानना है कि कुछ मैचों के आधार पर दोनों टीमों की तुलना करना सही नहीं है। ज्यादा मैच खेलने से असली तस्वीर साफ होगी। सकलेन ने भी माना कि इस समय पाकिस्तान टीम में सब कुछ ठीक नहीं है। लेकिन उनका मानना है कि सही इरादे से इसे ठीक किया जा सकता है।

सकलेन मुश्ताक ने कहा, अगर हम अपनी तैयारी सही तरीके से करें और चीजों को सही दिशा में ले जाएं, तो हम ऐसी स्थिति में होंगे जहां हम दुनिया और भारतीय टीम को भी करारा जवाब दे सकते हैं। भारतीय टीम अभी पाकिस्तान के साथ केवल आईसीसी जैसे बड़े टूर्नामेंट में ही खेलती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज फिलहाल नहीं हो रही है। ऐसे में सकलेन की चुनौती को स्वीकार किया जाना मुश्किल लग रहा है।

# आईपीएल के लिए अभ्यास में लगी है पंजाब किंग्स

धर्मशाला। पंजाब किंग्स की टीम इसी माह शुरु होने वाले आईपीएल के 18वें सत्र की तैयारियों में लग गयी है। इस बार पंजाब की टीम नये कप्तान रेयस अय्यर के साथ उतरेगी। आईपीएल कार्यक्रम जारी होने के बाद से ही पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरु कर दिया। टीम यहां के धर्मशाला स्टेडिमय में अभ्यास कर रही है। अभ्यास में प्रभ सिमरन सिंह, शशांक सिंह, यजुवेंद्र चहल सहित करीब 10 खिलाड़ी शामिल रहे। इस अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने पिच पर भी अभ्यास कर उनका अंदाजा लेने का प्रयास किया। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ियों को भी पंजाब के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का अवसर मिला। वहीं इस सत्र के साथ ही पंजाब की टीम यहां अभ्यास मैच भी खेलेगी। इन मैचों का आयोजन मौसम के हालात पर निर्भर करेगा, साथ ही यह मैच किसके साथ होगा, यह इसकी स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है गौरतलब है कि पंजाब किंग्स के लिए घरेलू मैदान माने जाने वाले धर्मशाला स्टेडियम में इस साल 3 आईपीएल मैच खेले जाएंगे। इन 3 मैचों में पंजाब की टीम का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स, मुंबई इडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा। पंजाब की टीम को उम्मीद है कि जिस प्रकार पिछले सत्र में श्रेयस ने केकेआर को जीत दिलायी थी। उसी प्रकार वह उसे भी जीत दिलाएगी।

# बाबा निराला की शरण में पहुंचे चहल




मुम्बई। भारतीय टीम से बाहर चल रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल आजकल खराब दौर से गुजर रहे हैं। पत्नी धनश्री वर्मा से भी उनका तलाक को गया है। वहीं इसी बीच चहल का एक ऐसा वीडिया सामने आया है जिसे देखकर आप हंसे बिना नहीं रह पायेंगे। इस पोस्ट में परेशान नजर आ रहे चहल बाबा निराला से सहायता मांगते दिख रहे हैं। पिछले हफ्ते एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सत्र का दूसरा पार्ट रिलीज हुआ था और इस सीरीज में बॉबी देओल ने बाबा निराला की भूमिका निभाई थी। चहल, बाबा निराला के दरबार पहुंचते हैं, जिससे उनका सलामी बल्लेबाज बनने का सपना पूरा हो सके। चहल कहते हैं, ' कृपया मुझे सलामी बल्लेबाज बना दो।' बाबा कहते हैं, 'तथास्तु।' इसके तुरंत बाद युजवेंद्र चहल पानी की बोतलें, टिफिन और जाम दरवाजे खोलते दिखाई देते हैं। चहल इसके बाद कहते हैं, 'अच्छा ओपनर बना दिया बाबा।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बाबा निराला कहते हैं, 'बाबा के आश्रम से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता।' वहीं पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने इस वीडियो को मजेदार बताया है।

# आईपीएल 25 में नई जर्सी में नजर आयेंगे केकेआर के खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल 2025 में नई जर्सी में नजर आयेगी। गत विजेत केकेआर ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी नई जर्सी जारी कर दी है। सोशल मीडिया पर जो नई जर्सी पेश की गयी है उसमें तीन स्टार बने हुए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने नई जर्सी का वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में टीम की जर्सी पर तीन स्टार्स को कोरबो-लड़बो-जीतबो का सिंबल बताया गया है। गौरतलब है कि केकेआर ने अभी तक तीन बार आईपीएल खिताब जीता है। इस तरह से यह तीन स्टार उसके तीन आईपीएल खिताब के बारे में भी बताते हैं। इसके अलावा जर्सी पर गोल्डन बैज भी लगा है।




केकेआर ने नई जर्सी का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में 'कुछ कुछ होता है' फिल्म में स्टार्स काउंट करने वाला छोटा बच्चा, यहां पर भी स्टार्स काउंट कर रहा है। वह स्टार काउंट करते हुए बोलता है, कोरबो, लड़बो, जीतबो। इसके अलावा केकेआर के कई स्टार खिलाड़ी भी वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। इन खिलाड़ियों में वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह समेत कई अन्य क्रिकेटर्स शामिल हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2024 में केकेआर ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी। इस सत्र के लिए हालांकि अभी तक टीम के कप्तान को नाम सामने नहीं आया है। वहीं हाल ही में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने कहा था कि अगर उन्हें अवसर दिया गया तो वह कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबले के साथ होगी। इसका समापन भी 25 मई को इसी जगह होगा।

# एशियाई चैंपियंस लीग : रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला



तेहरान। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

# अब रिचर्ड्स बोले, दुबई में खेलने का भारतीय टीम को मिल रहा लाभ

**-आईसीसी एक ही जगह मैच रखने पर जवाब दे**

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि आईसीसी ने भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में रखे हैं जिसका लाभ उसे मिल रहा है। रिचर्ड्स से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस और कुछ अन्य क्रिकेटरों ने भी कहा था कि दुबई में ही मैच होने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है जबकि अन्य टीमों को अलग-अलग मैच स्थलों पर जाना पड़ रहा है। रिचर्ड्स के अनुसार भारतीय टीम को एक ही जगह खेलने की सुविधा दी गयी है जिसको लेकर उन्होंने सवाल भी उठाये हैं। रिचर्ड्स ने ये भी कहा कि आईसीसी को चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को पता नहीं था कि उनके सेमीफाइनल मुकाबले कहां होंगे जबकि भारतीय टीम को पता था कि उ से दुबई के एक ही मैदान पर खेलना है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने भी ये सवाल उठाया था। रिचर्ड्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के दौरान कहा, हो सकता है कि लोगों का अनुमान सही हो। मुझे भी लगता है कि ऐसा राजनीति के कारण होता है। मैं राजनीति पक्ष में नहीं जाना चाहता पर मेरा मानना है कि आईसीसी को इस बारे में विचारा करना चाहिये था। आईसीसी की ही ये समस्या है और उसे जवाब देना चाहिये।



# रोहित पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस नेता शमा पर भड़के हरभजन

## -पूछा क्या फिटनेस कोच हैं शमा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा है कि किसी को भी टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर विवादस्पद टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। अपने इस बयान से हरभजन ने रोहित को मोटा और औसत कप्तान करने वाली कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद को करारा जवाब दिया है। हरभजन ने कहा कि रोहित ने एक दशक से अधिक समय से भारतीय टीम को अपनी सेवाएं दी हैं और अभी भी वह टीम का नेतृत्व काफी अच्छी तरह से कर रहे हैं। साथ ही कहा कि रोहित एक महान खिलाड़ी हैं, जिन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है। वह अभी भी भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं और अपनी फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर टीम में बने हुए हैं। अगर उनकी फिटनेस ठीक नहीं होती, तो वह टीम का हिस्सा नहीं होते।

हरभजन ने शमा को दिये अपने करारे जवाब में कहा कि टीम में शामिल होने के लिए कई स्तरों की फिटनेस से गुजरना पड़ता है। मैं यह जानना चाहता हू कि क्या शमा फिटनेस कोच हैं, बीसीसीआई की अध्यक्ष हैं या किसी खेल से जुड़ी हुई हैं, जो रोहित की फिटनेस को कम बता रही हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने तथ्यों को सही तरीके से समझा है। उन्होंने आगे कहा कि रोहित की तुलना किसी ऐसे खिलाड़ी से की जा रही है, जो अभी भी टीम में हैं, लेकिन यह तुलना बिल्कुल भी सही नहीं है। मुझे लगता है कि शमा को फिटनेस के सही मापदंडों की ही जानकारी नहीं है। हमें सिर्फ रोहित शर्मा की फिटनेस या व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा करने के बजाय उनके योगदान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वहीं इससे पहले कांग्रेस नेता शमा ने रोहित की फिटनेस को लेकर सवाल उठाए थे। शमा ने सोशल मीडिया पर कहा था कि उनका वजन अधिक है और वह एक कुशल कप्तान भी नहीं है पर किस्मत से यहां तक पहुंच गये हैं।

# नीदरलैंड के दिग्गज ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था।

भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर में दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। मैंने हॉकी इंडिया से उन्हें इस क्षेत्र में सुधार करने में हमारी मदद करने के लिए लाने का अनुरोध किया। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।''

हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने इससे दीपिका के प्रदर्शन में सुधार का जिक्र करते हुए कहा, '' हमने दीपिका के साथ निश्चित प्रगति देखी है, खासकर हाल के प्रो लीग मैचों के दौरान। ''

इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। वह 2002 और 2006 चैंपियंस ट्रॉफी, 2006 विश्व कप, 2008 ओलंपिक खेलों और 2010 एफआईएच विश्व कप सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने 2022 से 2024 तक चीन की महिला टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया।

दीपिका ने भी कहा कि उन्हें शिविर से बहुत लाभ हुआ। प्रो लीग में पेनल्टी कॉर्नर से अपने तीन में से दो गोल करने वाली दीपिका ने कहा, ''यह सिर्फ एक सप्ताह का शिविर था, लेकिन यह एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। मैंने इस दौरान फुटवर्क, शॉट रिलीज और फिनिशिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। इससे मुझे उन तकनीकी समायोजनों की स्पष्ट समझ मिली जिसे मुझे करने की जरूरत थी।



## यूपी में सपा नेता की गला रेत कर हत्या, गांव में तनाव के चलते पुलिस बल तैनात

जौनपुर (एजेंसी)। यूपी के जौनपुर में बाइक सवार बदमाशों ने धारदार हथियार से सोमवार देर रात समाजवादी पार्टी नेता की गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव परियावा गांव में टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। हत्या के बाद वहां लोगों में आक्रोश फैल गया। हत्या की जानकारी मिलते ही एसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र परियावां गांव के रहने वाले राजेश यादव नाटे सक्रिय सपा कार्यकर्ता थे। वह बूथ अध्यक्ष थे। सोमवार देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। उनका गला काटकर हत्या की गइ थी। किसी ने सपा नेता का शव देखा तो शोर मचाया। सपा नेता का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को लोगों से पूछताछ चुनावी रंजिश और वर्चस्व में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सपा नेता की हत्या की सूचना मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या मौके पर पहुंचे और मीडिया से बातचीत में कहा कि मृतक राजेश यादव हमारे पार्टी का बूथ अध्यक्ष थे, जो रात में बाजार से घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने राजेश यादव की हत्या कर फरार हो गए। वहीं कानून व्यवस्था पर भी सपा जिलाध्यक्ष राकेश ने सवाल उठाए हैं। एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या की जांच शुरू कर दी गई है और टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

## ओडिशा हाईकोर्ट ने 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात की अनुमति दी

कटक (एजेंसी)। ओडिशा हाईकोर्ट ने 6 माह (27 हफ्ते) की गर्भवती 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात (अबॉर्शन) की अनुमति दी है। पीड़िता सिकल सेल एनीमिया और मिर्गी से पीड़ित है। कोर्ट ने माना कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के जीवन और सेहत को गंभीर खतरा है। बीमारियों की वजह से बच्चे को जन्म देना उसके लिए बहुत खतरनाक हो सकता था। कंधमाल निवासी पीड़ित अनुसूचित जाति (एससी) से है। पिछले साल एक लड़के ने उसके साथ कई बार रेप कर जान से मरने की धमकी दी। इस डर से बच्ची ने घर पर कुछ नहीं बताया। जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी, तब मां डॉक्टर के पास ले गई। इसके बाद रेप का मामला सामने आया। 11 फरवरी को पीड़ित के माता-पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई। बच्ची की मेडिकल जांच हुई। जांच में प्रेग्नेंसी सामने आई। इसके बाद मामला उड़ीसा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां बच्ची के पिता ने गर्भपात की इजाजत मांगी। इसके बाद कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को मेडिकल बोर्ड बनाने का आदेश दिया था। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के फिजिकल और मेंटल हेल्थ को गंभीर खतरा होगा। रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जाहिर की।

## मार्च में ही गर्मी दिखाने लगी असर, कई जिलों में पारा 35 से 38 डिग्री पार

### -होली पर गर्म हवाएं चलने का मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस बार मार्च में तेज गर्मी झेलनी पड़ सकती है। सर्दी के मौसम में तुलनात्मक रूप से बारिश कम हुई है। इसके असर से तापमान में बढ़त देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मार्च में कई जिलों में तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आगरा गर्म रहने वालों जिलों में से एक है। बुधवार से यहां दिन में तेज हवाएं चलेंगी। इस बार मार्च से मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने के संकेत हैं, बल्कि हीटवेव में भी इजाफा हो सकता है। होली पर भी लू चल सकती है। सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रही। यही कारण है कि सामान्य से 88 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इससे फरवरी का अंत असामान्य रूप से गर्म रहा है। इन गर्मियों में भी पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रहने का अनुमान है। प्रशांत महासागर में कमजोर ला-नीना परिस्थितियों के आगामी सीजन के दौरान तटस्थ नीनो परिस्थितियों में संभावित परिवर्तन के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार और गुरुवार को आगरा में तेज सतही हवाएं चलेंगी। इन दोनों दिनों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक आगरा में दिन का तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ये सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तामपान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। ये सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। हवा में आर्द्रता 75 फीसदी रही है। चिकित्सकों के मुताबिक स्वास्थ्य के प्रति सावधानी जरूरी है।

## पाकिस्तानी लड़की ने की सीआरपीएफ जवान से शादी, 15 दिन के वीजा पर आई भारत

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू के भलवाल गांव में एक अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है। सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तानी दुल्हन मनेल खान से शादी की है। मनेल 15 दिन के वीजा पर भारत आई हैं। ये शादी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्तों के बीच यह शादी चर्चा का विषय बन गई है। मुनीर अहमद सीआरपीएफ में जवान हैं और शिव खोरी, रियासी जिले, जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। उनकी दुल्हन मनेल खान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला इलाके के मोहम्मद असगर खान की बेटी हैं। 24 मई 2024 को दोनों ने अनोखे अंदाज में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की थी, क्योंकि वीजा मिलने में दिक्कत थी। शादी के बाद मनेल को 15 दिन का वीजा मिला। इसके बाद वह अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत आई हैं। ससुराल वालों ने उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मनेल के आने की खबर सुनकर गांव वाले भी उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े।

# क्या दक्षिण भारत से होगा बीजेपी का नया अध्यक्ष? इन नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी

### -दोनों की कीमत और मेंटेनेंस भी काफी कम, क्षमताएं भी एडवांस



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी को होली के बाद और 21 मार्च से पहले किसी भी समय अपना अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना है। इसको लेकर लगातार चर्चाओं का दौर जारी है। माना जाता है कि 21 से 23 मार्च तक बैंगलोर में होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से पहले भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। हालांकि, भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा, इसपर फैसला अब तक नहीं हो सका है। हालांकि, कई नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी संविधान के तहत 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव को लेकर भाजपा नए सिरे से सक्रिय हो गई है। चयनित राज्यों को 14 मार्च तक संगठन चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। अब तक, पार्टी 50 प्रतिशत की कसौटी पर खरा उतरने के लिए आवश्यक 18 राज्यों में से केवल 12 में ही संगठनात्मक चुनाव करा पाई है। बीजेपी के एक सूत्र की मानें तो अगले कुछ दिनों में पार्टी बाकी छह राज्यों में अपने संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।

आने वाले वर्षों में भाजपा का मुख्य फोकस दक्षिण पर होगा, इसलिए संभावना है कि अगला भाजपा अध्यक्ष विंध्य के दक्षिण से आएगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, जो आंध्र प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भी थे, का नाम चर्चा में है। संयोग से, वह उस राज्य से आते हैं जिसने बंगारू लक्ष्मण को जन्म दिया, जो आगे चलकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। एक और नाम जो दक्षिण से चर्चा में है वह आंध्र प्रदेश से भी है - दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, जो वर्तमान में एनडीए शासित राज्य में भाजपा प्रमुख हैं।

बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर से विधायक वनाथी श्रीनिवासन की भी चर्चा हो रही है। हालांकि, पिछले साल की शुरुआत से, धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और भूपेन्द्र यादव का नाम लगातार उनकी संगठनात्मक क्षमता और टीम वर्क मानसिकता के कारण संभावितों में शामिल हो रहा है। जब उनसे अगले संभावित बीजेपी अध्यक्ष के बारे में पूछा गया तो बीजेपी सूत्र ने हंसते हुए कहा, 'हम भी उतना ही जानते हैं जितना आप अगले बीजेपी अध्यक्ष के बारे में जानते हैं। दरअसल, हम नए नामों के बारे में जानने के लिए टीवी या वेबसाइट देखते हैं।'

## किसान चंडीगढ़ कूच करते उसके पहले ही पुलिस ने कर दिया बड़ा एक्शन, कई नेता हिरासत में

टांडा (एजेंसी)। पंजाब में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 5 मार्च को चंडीगढ़ में धरना प्रदर्शन के ऐलान के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। इसके चलते पुलिस ने अनेक किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में ले लिया। जानकारी अनुसार किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल को रात करीब 2-30 बजे हिरासत में लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान को टांडा पुलिस ने सुबह 4 बजे उनके गांव रसूलपुर से हिरासत में लिया। बीकेयू कादियां के जिला लुधियाना अध्यक्ष हरदीप सिंह ग्यासपुरा, मोहन सिंह संधेर, और बलबीर सिंह खीरनिया को भी हिरासत में लिया गया। समराला विधानसभा क्षेत्र में करीब एक दर्जन जगहों पर छापेमारी कर कई अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि सीएम भगवंत मान और किसान नेताओं के बीच चली बैठक बेनतीजा रही है। चंडीगढ़ कूच से पहले किसान संगठनों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन बैठक विवादों में घिर गई। सीएम भगवंत मान ने किसानों से चक्का जाम और आंदोलन न करने की अपील की, लेकिन किसानों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए। इस बैठक के बाद सीएम भगवंत मान ने एक्स पर लिखा- सड़कों और रेल को रोकना किसी समस्या का हल नहीं है। इससे आम जनता को परेशानी होती है और कारोबार प्रभावित होता है।

## नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के नेतृत्व पर नए सिरे से चर्चा के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का पुरजोर समर्थन करने के कुछ दिनों बाद हुई। हालांकि, शिवकुमार ने कहा कि खड़गे से मुलाकात प्रोटोकॉल का मामला था। उन्होंने कहा कि वह मेरे अध्यक्ष हैं। वह मेरे नेता है। एक प्रोटोकॉल है कि मुझे जाकर उन्हें रिसीव करना है, इसलिए मैं गया।

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं। मैंने उन्हें इसके लिए भी आमंत्रित किया है। इससे पहले, मोइली ने कहा कि शिवकुमार ने अपने नेतृत्व और पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों से यह पद हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यहाँ-वहाँ बयान हो सकते हैं, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से उनकी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन इससे कुछ भी नहीं बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है।

## आकाश आनंद का हो रहा था नया गुट तैयार, मायावती ने दिखाया बाहर का रास्ता

### -बसपा सुप्रीमो के करीबी नेताओं की हो रही थी उपेक्षा, इसलिए उठाया सख्त कदम

नई दिल्ली(एजेंसी)। बसपा सुप्रीमो मायावती इस वक्त फुल एक्शन में हैं। वह अचानक लिए फैसलों से सबको हैरान कर रही हैं। इस बार तो उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को ही पार्टी से निकाल दिया है। पहले आकाश आनंद को मायावती ने नेशनल कॉर्डिनेटर के पद से हटाया और फिर सोमवार को उन्हें बसपा से ही बाहर निकाल दिया। उनके इस फैसले को पार्टी के अंदर पैदा हुए संकट से जोड़कर देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में पार्टी के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि आकाश आनंद को मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित किया था तो दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्यों का प्रभारी भी बनाया था। वह चुनाव की कमान संभाल रहे थे। उम्मीदवार उनके स्तर पर तय हो रहे थे तो वहीं प्रचार का भी वही नेतृत्व कर रहे थे। 2017 में आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को मायावती ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके बाद 2019 में आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया। 2023 में उन्हें अपना राजनीतिक वारिस घोषित कर दिया। कुछ महीने सब ठीक चला, लेकिन लोकसभा चुनाव में आकाश के आक्रामक तेवरों और सीधे पीएम मोदी पर हमले को मायावती ने सही नहीं माना। उन पर एफआईआर हुई तो पद से ही हटा दिया। फिर से वापसी कराई गई तो आकाश को फिर सभी जिम्मेदारी मिल गई, लेकिन अब बाजी फिर पलट गई। बुआ मायावती ने आकाश से सारे पद छीने लिए हैं और उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि आकाश का अपना एक गुट तैयार हो गया था। यह गुट मायावती के करीबी नेताओं की उपेक्षा कर रहा था। इससे बचने के लिए उन्होंने भतीजे को बाहर का रास्ता दिखा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है और यह भी साफ कर दिया है कि कोई उनका राजनीतिक वारिस नहीं होगा। इस तरह उन्होंने सत्ता का कोई दूसरा केंद्र उभरने की संभावना ही खत्म कर दी है। रामजी गौतम को भी राष्ट्रीय संयोजक बनाया है, जो उनके बेहद करीबी हैं।

बसपा के कुछ नेताओं का कहना है कि आकाश आनंद को कमान मिली तो रामजी गौतम साइडलाइन हो गए थे। इसके अलावा भी मायावती के कई करीबी किनारे लगे थे। ऐसे में मायावती ने भतीजे को ही हटाना सही समझा ताकि कोई दूसरा गुट न उभर सके।



पहले से कमजोर बसपा में गुटबाजी होना उनके लिए चिंता की बात है। आकाश पर एक आरोप फंड में गड़बड़ी का भी लगा है। मायावती ने उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर किया था और उनसे करीबी बनाए रखने की सजा भी उन्होंने भतीजे को दी है। इस तरह मायावती ने यह संदेश भी दिया है कि उनके लिए सब एक समान हैं। यदि कोई परिवार का है तो उसे वह कोई छूट नहीं देंगी।

## फास्टैग में लो बैलेंस या भुगतान में देरी हुई तो देना होगा अतिरिक्त शुल्क

### -सरकार के सख्त कदम से गलत टोल कटौती के मामलों में आई कमी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाए हैं और गलत टोल कटौती के मामलों में भारी कमी दर्ज की है। फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है, जो गाड़ी के फ्रंट शीशे पर लगाया जाता है और आपके प्रीपेड वॉलेट से जुड़ा होता है। जब वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है, तो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक के अपने आप भुगतान हो जाता है। एनपीसीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2024 में फास्टैग लेनदेन 6 फीसदी बढ़कर 38.2 करोड़ हो गए, जबकि इसका कुल मूल्य 9 फीसदी बढ़कर 6,642 करोड़ रुपए हो गया।

कई बार टोल ऑपरेटर वाहन का गलत नंबर दर्ज कर देते हैं। जब फास्टैग ठीक से स्कैन नहीं करता तो ऑपरेटर मैन्युअल रूप से एंट्री करता है, जिससे गलत कटौती हो जाती है। स्कैनर में तकनीकी दिक्कत या सिस्टम एरर के कारण भी यह समस्या आती है। गलत टोल कटौती के मामलों पर हाईवे ने सख्ती बरती है। कम से कम 250 मामलों में टोल ऑपरेटरों को दंडित किया है। टोल प्रबंधन इकाई ने 1 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया। इस सख्ती से 70 फीसदी तक मामलों में कमी आई और अब हर महीने 50 शिकायतें मिल रही हैं।

सरकार ने फास्टैग को लेकर नए नियम लागू किए हैं जिसमें अगर फास्टैग में लो बैलेंस है या भुगतान में देरी होती है, तो अतिरिक्त शुल्क देना होगा। टोल से गुजरने के 10 मिनट बाद तक फास्टैग सक्रिय नहीं रहा, तो लेनदेन अस्वीकार हो जाएगा। टोल पार करने के 15 मिनट बाद भुगतान होने पर अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। बैंकों और डिजिटल वॉलिट्स से फास्टैग खरीदा जा सकता है। टोल प्लाजा और पेट्रोल पंप पर भी फास्टैग उपलब्ध होते हैं। इसे समय-समय पर रिचार्ज करना जरूरी है। एनएचएआई की कड़ी निगरानी और सख्त जुर्माने से गलत फास्टैग कटौती के मामले कम हुए हैं, लेकिन अगर आपके साथ यह समस्या हो, तो शिकायत दर्ज कराकर पैसे वापस लिए सकते हैं।

## भारत में ई-कॉमर्स की बढ़त के पीछे महिलाओं की शक्ति होम क्रेडिट इंडिया की स्टडी में सामने आए प्रमुख रुझान

एजेंसी

**रांची :** महिलाएं भारत में ऑनलाइन शॉपिंग के विकास में सबसे आगे हैं, जिनमें से 60% सक्रिय रूप से ऑनलाइन खरीदारी कर रही हैं, वे अपने पुरुष समकक्षों से आगे निकल रही हैं और डिजिटल कॉमर्स को अपनाने की गति को तेज कर रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया के 'हाउ इंडिया बारोज 2024 - ए स्टडी' के अनुसार, महिलाएं, मिलेनियल्स और जेन जेड के साथ मिलकर ई-कॉमर्स के भविष्य को आकार दे रही हैं, जिन्हें एम्बेडेड फाइनेंस सॉल्यूशंस के बढ़ते चलन से समर्थन मिल रहा है जो ऋण लेने को तेज और खरीदारी के अनुभव को आसान बनाते हैं।


अध्ययन में विकसित हो रहे उपभोक्ता रुझानों पर प्रकाश डाला गया है, जिससे पता चलता है कि ऑनलाइन शॉपिंग 2021 में 69% तक बढ़ गई, 2023 में 48% तक गिर गई, और 2024 में 53% तक फिर से बढ़ गई। इन-स्टोर शॉपिंग के पुनरुत्थान के बावजूद, डिजिटल कॉमर्स एक प्रमुख शक्ति बना हुआ है, जो काफी हद तक महिलाओं और युवा उपभोक्ताओं द्वारा संचालित है।

स्टडी के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आशीष तिवारी ने कहाः भारत में डिजिटल शॉपिंग का परिदृश्य महिलाओं द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है, जो न केवल ऑनलाइन शॉपिंग को अपनाने में आगे हैं बल्कि एम्बेडेड फाइनेंस में बदलाव को भी प्रभावित कर रही हैं। हमारी 'हाउ इंडिया बारोज 2024' स्टडी से पता चलता है कि महिलाएं आत्मविश्वास से डिजिटल टूल्स का लाभ उठा रही हैं, एआई-चालित सहायता पर भरोसा कर रही हैं, और अपने खरीदारी के अनुभव को बढ़ाने के लिए स्मार्ट ऋण साल्यूशन्स को अपना रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया में, हम इसे एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में मानते हैं, जो महिलाओं की बढ़ती वित्तीय स्वतंत्रता और उनकी विकसित हो रही आकांक्षाओं के अनुरूप निर्बाध, सुलभ क्रेडिट समाधानों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

महिलाएं ऑनलाइन शॉपिंग को अपनाने में सबसे आगे हैं, जहां 60% सक्रिय रूप से ऑनलाइन खरीदारी कर रही हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 52% है। युवा पीढ़ी भी इस प्रवृत्ति को अपनाने में आगे है, जहां जेन जेड के 58% और मिलेनियल्स के 59% ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, जबकि जेन एक्स के केवल 39% ही डिजिटल कॉमर्स में भाग लेते हैं। भौगोलिक रूप से, टियर-2 शहरों ने मेट्रो क्षेत्रों को टक्कर दे दी है, दोनों में 56% ऑनलाइन शॉपिंग अपनाने की दर दर्ज की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती डिजिटल उपस्थिति को दर्शाता है।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को अब मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज

### -केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की



नई दिल्ली (एजेंसी)। सड़क दुर्घटना में घायलों को इसी माह से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम निजी हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो कि सफल साबित हुआ है।

अधिकारी ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू होगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेगा। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की थी। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योजना को देशभर में अधिकारी रुप से लांच करने की घोषणा की। इस योजना के तहत देश में कहीं भी सड़क एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 1.5 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। जिससे घायल शख्स 7 दिनों तक अस्पताल में इलाज करा सकेगा।

डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में एनएचएआई काम करेगा, यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है, तब बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा। सूत्रों का कहना है कि कोशिश यह हो रही है कि डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए तक किया जा सके।

# अब रिश्वत लेने व देने के ठोस सबूत होने पर ही माना जाएगा भ्रष्टाचार

### -सुप्रीमकोर्ट ने कहा- आरोप लगाकर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार तभी माना जाएगा, जब रिश्वत की मांग या लेनदेन के ठोस सबूत मौजूद होंगे। महज शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाकर किसी अधिकारी को भ्रष्टाचार का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मामला एक फिशिंग ठेकेदार से जुड़ा था, जिसमें एक सरकारी अधिकारी पर बिना टेंडर जारी किए करोड़ों का नुकसान करने का आरोप लगाया था। इसके तहत प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 27 फरवरी को खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर कोई अधिकारी सरकारी नीति से भटककर कार्य करता है, तो केवल इस आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उसने रिश्वत ली है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि रिश्वत की मांग और उसे स्वीकार किया गया था, तब तक भ्रष्टाचार का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 20 के मुताबिक यदि कोई पब्लिक सर्वेंट अनुचित लाभ स्वीकार करता है, तो यह माना जाएगा कि उसने किसी कार्य को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित न हो कि रिश्वत की मांग की गई और उसे स्वीकार किया गया, तब तक केवल अनुमान के आधार पर उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

इस मामले में अधिकारी पहले हाईकोर्ट गए थे, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां कोर्ट ने अवैध लाभ की ठोस मांग और स्वीकार्यता के अभाव में मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से अथॉरिटी के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो गया है। अब रिश्वत की मांग और स्वीकार्यता का प्रमाण जरूरी होगा, केवल शक्ति के दुरुपयोग के आधार पर भ्रष्टाचार का मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा। सिर्फ प्रशासनिक गलतियों को भ्रष्टाचार नहीं माना जाएगा। अधिकारियों पर लगाए जाने वाले आरोपों की जांच में अब अधिक सबूतों की जरूरत होगी। सजा केवल तभी मिलेगी जब रिश्वत लेने या देने के पुख्ता सबूत होंगे।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**